

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 05 जून 2026 ■ ज्येष्ठ अधिकमास कृष्ण पक्ष-05 ■ वर्ष -42 ■ अंक-068 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 06 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## प्रदूषण फैलाने वाले 94 उद्योगों को नोटिस




**रायपुर,5 जून।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा रायपुर क्षेत्रांतर्गत संचालित औद्योगिक इकाइयों के पर्यावरणीय अनुपालन की नियमित निगरानी की जा रही है. मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा जल एवं वायु प्रदूषणकारी उद्योगों का औचक निरीक्षण कर पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के विरुद्ध वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 एवं जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है. क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के अंतर्गत रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, महासमुंद एवं गरियाबंद जिलों में स्थापित उद्योगों के विरुद्ध जनवरी 2025 से मई 2026 की अवधि में व्यापक कार्रवाई की गई. इस दौरान कुल 94 प्रदूषणकारी उद्योगों को नोटिस जारी किए गए तथा 82 उद्योगों के विरुद्ध उत्पादन बंद करने अथवा विद्युत विच्छेदन के निर्देश जारी किए गए.

इसी अवधि में 96 उद्योगों पर कुल 2 करोड़ 40 लाख 65 हजार 125 रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई. वहीं कच्चे माल, उत्पाद एवं ठोस अपशिष्टों का बिना तारपोलिन से ढंके परिवहन करने वाले 136 उद्योगों एवं संस्थानों पर 51 लाख 2 हजार 323 रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई गई. इसके अतिरिक्त पूर्व अनुमति के बिना फ्लाई ऐश के अपवहन एवं डम्पिंग के मामलों में 2 उद्योगों पर 12 लाख रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई.राज्य शासन के "छत्तीसगढ़ प्लास्टिक और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्री नियम, 2023" के तहत सिंगल-यूज प्लास्टिक एवं अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों के विनिर्माण, भंडारण, विक्रय, परिवहन एवं उपयोग पर प्रतिबंध लागू है. इस संबंध में जनवरी 2025 से मई 2026 तक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा एक उद्योग का उत्पादन बंद कराते हुए 87 हजार 500 रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई तथा संबंधित उद्योग के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद भी दायर किया गया. एक अन्य उद्योग के विरुद्ध उत्पादन बंद करने के साथ 6 लाख 25 हजार रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई. इसके अलावा दो अन्य उद्योगों के विरुद्ध भी उत्पादन बंद करने की कार्रवाई की गई. वर्ष 2024 में रायपुर शहर का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 65.38 दर्ज किया गया था, जो वर्ष 2025 में घटकर 62.86 हो गया है. इस प्रकार वायु गुणवत्ता में लगभग 4 प्रतिशत सुधार दर्ज किया गया है. यह स्तर संतोषजनक श्रेणी में आता है और प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों के सकारात्मक परिणाम को दर्शाता है. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी.




रायपुर. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने आज यहां रायपुर स्थित लोकभवन परिसर और निर्माणाधीन लोकभवन परिसर नवा रायपुर में पौधे लगाए। उन्होंने सभी से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान करे। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना भी उपस्थित थे।

### खान सर भी होंगे गिरफ्तार

**पटना,5 जून।** पटना में दो कोचिंग के झगड़े में रौशन आनंद सर के जेल जाने के बाद अब फैजल खान उर्फ खान सर गिरफ्तारी की कगार पर हैं। पटना पुलिस ने कोचिंग पर फायरिंग की झूठी सूचना देने को लेकर खान सर के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है। इस मामले में कल फायरिंग का वीडियो सामने आने के बाद खान सर के दो गार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया था और उन्हें हथियार जब्त कर जेल भेज दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि फैजल उर्फ खान सर का नाम उसी प्राथमिकी में जोड़ा गया है।



एफआईआर में खान सर की मौजूदगी में फायरिंग के आरोप हैं। आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मुकदमा में नाम आने के बाद अगर कोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली तो खान सर की गिरफ्तारी का खतरा है। एफआईआर में अपना नाम जोड़े जाने के बाद खान सर ने टीवी चैनलों से बातचीत में कहा कि घटना के समय सुरक्षा गार्ड ने आत्मरक्षा में फायरिंग की थी। खान सर ने मंगलवार की रात घटना के फौरन बाद दावा किया था कि उनके कोचिंग पर हमले के दौरान कई राउंड फायरिंग हुई है। अगली सुबह उन्होंने इस दावे से पीछे हटते हुए कहा कि उन्होंने घटना के बाद अफरातफरी के बीच वही कहा था, जो उनको गार्ड ने बताया था। गुरुवार की सुबह रौशन आनंद के कोचिंग ज्ञान बिंदु ने फैजल खान के गार्ड का फायरिंग करता वीडियो दिखाकर पुलिस से खान सर पर ऐक्शन लेने की मांग की थी। इस मामले में खान सर के दोनों गार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके हथियार जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं।

खान सर और रौशन आनंद सर के बीच इस झगड़े का कारण बिहार पुलिस के सिपाही भर्ती में पास कैंडिडेट्स को लेकर क्रेडिट की लड़ाई है। पटना के ही कोचिंग संचालक गुरु रहमान ने मीडिया से कहा था कि दोनों कोचिंग के बीच पास कैंडिडेट की खरीद-फरोख्त हो रही थी। इसका मतलब यह हुआ कि पास कैंडिडेट को दोनों कोचिंग पढ़ाने का दावा करते हुए सफलता का श्रेय ले रहे थे। पास कैंडिडेट को लेकर एक कोचिंग में सम्मान समारोह था, जहां दूसरे कोचिंग के भी कुछ कैंडिडेट गए थे।

## डोनाल्ड ट्रंप ने की पीएम नरेन्द्र मोदी की तारीफ

**वाशिंगटन,5 जून।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा भारत और पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करने के चंद घंटे बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी पीएम मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। साथ ही भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बड़ा बयान दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताते हुए उनकी तारीफ की है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि इंडिया और यूएस के बीच जल्द ही ट्रेड डील होने वाला है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सालों तक भारत ने अमेरिका का फायदा उठाया। उन्होंने हम पर भारी टैरिफ लगाए और बदले में कुछ नहीं दिया। अब हम भारत से खूब पैसा कमा रहे हैं। हालांकि हम इंडिया के साथ ट्रेड डील जरूर करेंगे। मुझे भारतीय प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) बहुत पसंद हैं। वे मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे बीच अच्छे संबंध हैं बता दें कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर फाइनल करने के लिए दोबारा से प्रयास शुरू किए गए है। इस हफ्ते एक अमेरिकी डेलिगेशन भारत आया था। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों के बीच चार दिनों तक व्यापार समझौते पर चर्चा हुई थी। यह चर्चा गुरुवार को खत्म हुई है। इसके तुरंत बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए दोनों देशों के ट्रेड डील पर बड़ी बात कही है। सप्ताह की शुरुआत में बैठकों का दौर शुरू होने से पहले जहां केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि डील पर 99% बातचीत पूरी हो गई है।

## कांग्रेस में सिर फुटौव्वल की स्थिति : सीएम

**बिलासपुर,5 जून।** सुशासन तिहार के मौके पर बिलासपुर प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंथन सभाकक्ष में अफसरों की मीटिंग के बाद पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। बातचीत के दौरान सीएम ने कहा, सुशासन तिहार के दौरान गांव व शहरी इलाकों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य साफ है, मौके पर ही लोगों की समस्या का समाधान करना है। सरकार अपने इस उद्देश्य में सफल होते दिखाई दे रही है। वे खुद गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच बैठ रहे हैं, कामकाज का फीडबैक ले रहे हैं। ग्रामीण और शहरी राज्य सरकार के कामकाज से संतुष्ट हैं। सरकार के माध्यम से हम लोग जो सेवा कर रहे हैं,उनका लाभ मिल रहा है या नहीं, हम लगातार इस तरह का फीडबैक ले रहे हैं। जगह-जगह समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हतिग्राहियों को मौके पर ही लाभ पहुंचाने का काम सरकार कर रही है। कलेक्टर्स को राजस्व प्रकरणों के निपटारे का निर्देश दिया गया था। इसका अच्छा असर देखने को मिल रहा है। लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।



NSUI कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज को लेकर सीएम ने कहा, कांग्रेस लगातार चुनाव हारने से बौखला गई है। उनका आपस में इतना सिर फुटौव्वल हो रहा है कि आपस में भी लड़ने-भिड़ने में व्यस्त हैं। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। लगातार हमारी सरकार लगातार बेहतर काम कर रही है, इसलिए कांग्रेसी बेवजह आरोप लगा रहे हैं।

**देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं को दी बधाई**-नगरीय निकाय के तहत पांच नगर पंचायत चुनाव हुए थे। तीन नगर पंचायत में हमारे अध्यक्ष और पार्षद चुनाव जीते हैं। सीएम ने देवदुर्लभ कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। सुशासन तिहार के दौरान सीएम विष्णदेव साय ने दयालबंद के मधुबन में 120 करोड़ रुपए की लागत से बन रही एजुकेशन सिटी का निरीक्षण किया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने उन्हें बताया कि 26 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। 13 एकड़ में विकसित हो रही इस परियोजना में 500 सीटर नालंदा परिसर, डिजिटल लाइब्रेरी, हॉस्टल, कोचिंग ब्लॉक और स्किल डेवलपमेंट सेंटर जैसी सुविधाएं होंगी। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से एजुकेशन सिटी का पूरा ब्लूप्रिंट पेश किया। मुख्यमंत्री को बताया गया कि यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए कोचिंग, प्रशिक्षण और अध्ययन की सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराई जाएंगी।

**मंथन सभाकक्ष में ली मीटिंग**-रायपुर में दूसरी बैठक में शामिल होने के कारण मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट के मंथन सभाकक्ष में करीब 10 मिनट ही रुके। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर, जीपीएम, मुंगेली, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व मामलों के लंबित रहने से आम लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इसलिए नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अन्य मामलों का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने को भी कहा। बैठक में मुख्यमंत्री ने खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों को खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता करने के निर्देश दिए। साथ ही मानसून के दौरान पेयजल और स्वास्थ्य संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा की।

**भाजपा सरकार में गड़बड़ी होने पर एक्शन**-सीएम साय ने नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर कहा कोई भी समस्या आती है या फिर कोई अपराध होता है तो भाजपा की सरकार सख्ती से जांच कराती है।

## पत्नी से अफेयर के शक में बाउंसर की हत्या

**बिलासपुर,5जून।** कोटा क्षेत्र पथर्रा गांव में 27 वर्षीय बाउंसर निखिल गोस्वामी की आंखों में मिर्च झोंककर फिर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई. पत्नी से कथित संबंधों के शक में भोला मानिकपुरी ने अपने साथियों के साथ वारदात को अंजाम दिया. हमले में गंभीर रूप से घायल निखिल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. कोटा पुलिस प्रेम प्रसंग, चरित्र शंका और पुरानी रंजिश के एंगल से जांच कर रही है, जबकि आरोपी फरार बताए जा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, पथर्रा निवासी निखिल गोस्वामी बिलासपुर के एक बार में बाउंसर के रूप में काम करता था. बीती रात वह अपने दो साथियों के साथ अमने मोड़ के पास बैठकर शराब पी रहा था. इसी दौरान तीन-चार युवक बाइक से वहां पहुंचे.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार युवकों में शामिल एक व्यक्ति को देखकर निखिल ने उसे नाम लेकर आवाज लगाई. इसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई. आरोपी भोला मानिकपुरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले निखिल की आंखों और चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंका. अचानक हुए हमले से निखिल संभल नहीं पाया. इस बीच उसके साथ मौजूद दोनों साथी मौके से भाग निकले. इसके बाद आरोपियों ने निखिल पर हमला बोल दिया. मिर्च पाउडर फेंकने के बाद भोला मानिकपुरी ने पास में पड़े भारी पत्थर से निखिल के सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार किए. गंभीर चोट लगने से वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा. घटना के बाद राहगीरों ने घायल निखिल को अस्पताल पहुंचाया. उसकी हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर किया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी मधुलिका सिंह सहित कोटा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण और लोगों से पूछताछ साक्ष्य जुटाए. पूछताछ में मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि आरोपी भोला मानिकपुरी की पत्नी और निखिल गोस्वामी के बीच कथित रूप से प्रेम संबंध थे. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था. कोटा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और मुख्य आरोपी भोला मानिकपुरी सहित अन्य संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है.

## प्रदेश में खाद का संकट, सरकार झूठ बोलने का प्रशिक्षण दे रही

**रायपुर,5 जून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश में उर्वरक का संकट विकराल रूप ले चुका है। प्रदेश में उर्वरक के लिये मारा मारी शुरू हो गयी है। किसानों को सोसायटी में खाद नहीं मिल रहा है। किसान बराबर सरकार के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों से उर्वरक के बारे में गुहार लगा रहे, लेकिन सरकार केवल जुबानी आश्वासन दे रही है। आज भी सभी सोसायटियों में पूरी खाद नहीं पहुंच पाया है। इस खरीफ सीजन में 15 लाख 55 हजार मीट्रिक टन खाद की आवश्यकता अनुमानित है, पर इस सरकार 30 प्रतिशत स्टाक नहीं जुटा पाई है। मानसून आने वाला है, खरीफ में धान की फसल ही राज्य के किसानों की आजीविका का मुख्य आधार है। यदि खरीफ के सीजन में सरकार किसानों को पर्याप्त उर्वरक नहीं दे पायेगी तो किसानों के सामने साल भर के लिये आजीविका का संकट पैदा हो जायेगा। सरकार खाद की व्यवस्था करने के बजाय खाद संकट पर कैसे कुतर्क किया जाये, इसकी टेaनिंग भाजपा प्रवक्ताओं को दे रही इसके लिये कृषि सचिव ट्रेनिंग देने सीएम हाउस गये थे। व्यवस्था बनाने के बजाय बहाने बनाने की तैयारी कर रही है।



**एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर बेवजह लाठीचार्ज दमन की कार्रवाई निंदनीय**-प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नीट के पेपर लीक मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर किये गये बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की क्रूरता है। भाजपा सरकार अपनी अक्षमता को छुपाने के लिए बर्बरता पर उतर आई है। एनएसयूआई के कार्यकर्ता छात्रों के हक की मांग करने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ और प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में एकत्रित हुए थे। भाजपा सरकार छात्रों के प्रदर्शन से घबरा गई भाजपा ने उनके खिलाफ लाठियों से प्रहार करवाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदर्शन के वीडियो से स्पष्ट है कि शांतिपूर्ण ढंग से नारे लगाते जा रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बेवजह ही लाठीचार्ज किया है। कुछ कार्यकर्ताओं और मीडियाकर्मियों को तो पुलिस द्वारा घेरकर पीटा गया है, कई लोगों को चोटें आई है। नीट के दोषियों पर कार्रवाई की मांग करना भी भाजपा सरकार को बर्दाश्त नहीं हो रहा है, वह लाठीचार्ज करके अपनी नाकामी छिपाना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार एक परीक्षा सही ढंग से नहीं करवा पा रही है। नाकाम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को मोदी क्यों नहीं हटाया जा रहा है? पिछली बार भी नीट के पेपर लीक मामले में मोदी सरकार ने किसी की जवाबदेही तय नहीं की, न ही कोई ठोस कार्यवाही किया था। जब 2024 में नीट का पेपर लीक हुआ था, लाखों बच्चों की मेहनत बर्बाद हुई थी, तब लोगों के गुस्से को शांत करने के लिए मोदी सरकार ने चाल चली और एनटीए के डीजी को पद से हटा दिया, लेकिन जैसे ही लोगों का गुस्सा शांत हुआ, इन्हें स्टील मिनिस्ट्री में पोस्टिंग दे दी, उसके बाद छत्तीसगढ़ की भर्ती परीक्षाओं का प्रमुख बना दिया और अब ये छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव हैं।

## केंद्रीय जेल में 5 दिन में दूसरी मौत

**जगदलपुर,5 जून।** बस्तर जिले के जगदलपुर केंद्रीय जेल में बीते पांच दिनों के भीतर जेल में दूसरी मौत का मामला सामने आया है। रविवार तड़के एक महिला बंदी ने अपनी चुन्नी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, वहीं अब नक्सल मामले में बंद एक कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई है। लगातार सामने आ रही घटनाओं ने जेल प्रशासन की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान रमेश कुंजम के रूप में हुई है, जो बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के लिंगापुर का रहने वाला था। रमेश कुंजम नक्सल मामलों में जेल में बंद था और नवंबर 2025 में उसे दंतेवाड़ा जेल से जगदलपुर केंद्रीय जेल स्थानांतरित किया गया था। बताया जा रहा है कि 4 तारीख को जेल परिसर के बाथरूम में गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट लग गई थी। हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल डिमरापाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान आज सुबह उसकी मौत हो गई।

इससे पहले रविवार तड़के केंद्रीय जेल में एक महिला बंदी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया था। अब महज पांच दिनों के भीतर दूसरी मौत ने जेल प्रबंधन की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है और मौत के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है। वहीं लगातार दो घटनाओं के बाद केंद्रीय जेल की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और बंदियों की निगरानी व्यवस्था को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## इस्लाम कबूल करो, नहीं तो नौकरी छोड़ो

**पुणे,5 जून।** एक प्रौद्योगिकी कंपनी के पूर्व कर्मचारी ने कंपनी पर धार्मिक उत्पीड़न और कार्यस्थल पर भेदभाव की शिकायतों का समाधान न करने का आरोप लगाया है। पुणे में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये आरोप सार्वजनिक हुए, जहां हिंदू जनजागृति समिति के प्रतिनिधियों के साथ मौजूद महिला ने कंपनी के हिंजेवाड़ी कार्यालय में अपने कार्यकाल के दौरान घटी घटनाओं का ब्योरा दिया। समाचार एजेंसी एएनआई ने यह जानकारी दी। पूर्व कर्मचारी के अनुसार, एक महिला सहकर्मी ने उन्हें बार-बार इस्लाम धर्म अपनाने और एक मुस्लिम पुरुष से संबंध बनाने के लिए उकसाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सहकर्मी ने उनके निजी जीवन पर बार-बार टिप्पणियां कीं और सुझाव दिया कि हिंदू धर्म छोड़ने से उन्हें विदेश में बेहतर अवसर और बेहतर जीवन शैली मिलेगी। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने इन बातचीत पर आपत्ति जताई और अंततः सहकर्मी के साथ अपनी बातचीत को आधिकारिक कार्य संबंधी मामलों तक सीमित कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ये लोग जिस तरह से महिलाओं, खासकर हिंदू महिलाओं को फंसाते हैं और फिर उन्हें मजबूर करते हैं कि या तो वे उनके तौर-तरीकों को अपनाएं या अपनी नौकरी छोड़ दें। इस मजबूरी के चलते मुझे यह प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी पड़ी। मैंने 10 महीने तक उत्पीड़न और यातनाएं झेली हैं। मुझे यह बात सामने लानी पड़ी और मैं यह जागरूकता भी फैलाना चाहती हूं कि अगर महिलाएं हिंदू हैं, तो हमें कम से कम उनकी सुरक्षा के लिए कुछ कदम तो उठाने ही चाहिए। और धर्म परिवर्तन की यह गुप्त प्रक्रिया, जिसके बारे में हमें कभी पता नहीं चलता। हम सोचते हैं कि हम बस यूं ही बातचीत कर रहे हैं, जबकि वे हमें फंसाने और इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे होते हैं। जब हम कंपनी से इन बातों के बारे में बात करते हैं, तो कंपनी कहती है कि हमारी कंपनी में ऐसा कुछ नहीं होता और इसे दबा दिया जाता है।

पूर्व कर्मचारी ने दावा किया कि उसने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को इस मामले की सूचना दी थी, लेकिन उसे अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली। उनके अनुसार, उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बजाय, उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में कंपनी की आंतरिक लोकपाल समिति के समक्ष उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। उन्होंने जांच के तरीके पर भी सवाल उठाया और आरोप लगाया कि उनके द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और आधिकारिक माध्यमों से उठाई गई चिंताओं पर प्रक्रिया के दौरान पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया।

## होम-कार लोन पर नहीं बढ़ेगी ईएमआई

### रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को 5.25% पर बरकरार रखा

**नई दिल्ली,5 जून।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने नए वित्त वर्ष की दूसरी मीटिंग में रेपो रेट को 5.25% पर बरकरार रखा है। इससे होम-कार लोन पर ईएमआई नहीं बढ़ेगी। साथ ही महंगाई और देश की जीडीपी का अनुमान भी अनचेंज रखा है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 जून को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी के फैसलों की जानकारी दी। बता दें कि इससे पहले अप्रैल में भी रेपो रेट में बदलाव नहीं हुआ था। भारतीय रिजर्व बैंकने आखिरी बार दिसंबर 2025 में ब्याज दर 0.25% घटाकर 5.25% की थी। वहीं महंगाई की बात करें तो भारत में खुदरा महंगाई दर अप्रैल 2026 में बढ़कर 3.48% हो गई, जो आरबीआई के 4% के मध्यम अवधि के लक्ष्य से कम रही। केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट को स्थिर रखने के साथ ही अन्य प्रमुख ब्याज दरों में भी कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट 5% पर बरकरार रहेगा। वहीं, मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट और बैंक रेट भी 5.5% के स्तर पर जस के तस बने हुए हैं। इससे केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति के अन्य प्रमुख दरों में भी कोई फेरबदल नहीं किया है। पिछले वित्त वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कुल 4 बार बदलाव किया था। इस दौरान दरों को 6.50% से घटाकर 5.25% पर आ गया है। इ,में कुल मिलाकर 1.25% (125 बेसिस पॉइंट्स) की बड़ी राहत मिली थी। इस दौरान पहले फरवरी 2025 में रेपो रेट में 0.25 परसेंट की पहली कटौती की गई थी।

### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कई सेवा सहकारी समितियों का दौरा किया

# सोसायटी में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण नहीं,किसानों की लगी है लंबी लाइन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,5 जून।** प्रदेश में खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले किसानों को हो रही खाद की किल्लत (यूरिया, डी. ए. पी.)और टोकन व्यवस्था में आ रही समस्याओं को लेकर आज कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं क्षेत्र के सभी प्रमुख पदाधिकारीयों के साथ दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा, ग्राम थनौद, अंडा ग्राम कुथरेल, बोरीगारका ग्राम मंचादुर एवं नगर पंचायत उतई में सेवा सहकारी समितियों का दौराकिया , श्री साहू सहकारी समितिओं और खाद वितरण केंद्रों पर पहुंचकर समिति प्रबंधकों एवं किसानों से सीधा चर्चा किया। सोसायटी में किसानों से चर्चा के दौरान पता चला की खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण नहीं है, जिसके कारण सभी अन्नदाता तपती धूप में लंबी-लंबी लाइनों में लगने को मजबूर हैं। परेशान और बेबस किसान साथियों में इस अव्यवस्था को लेकर भारी आक्रोश है। सुशासन का दावा करने वाली भाजपा सरकार विज्ञापनों से बाहर निकले और किसानों की सुध ले। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने का आरोप है कि राज्य के किसान बुवाई के महत्वपूर्ण समय में यूरिया और डीएपी (छ्क्क) की किल्लत से जूझ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि भाजपा सरकार सुशासन तिहार जैसे आयोजनों में व्यस्त है और जमीनी स्तर पर अन्नदाताओं की अनदेखी कर रही है।मैं उच्च अधिकारियों व जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि इस गंभीर समस्या पर तुरंत संज्ञान लें। इस गुत्थी को समझें कि आखिर खाद जा कहां रही है और किसान तक क्यों नहीं पहुंच रही।कांग्रेस के वक्ताओ का कहना हैं कि एक तरफ केंद्र और राज्य सरकार लगातार दावा कर रही है खरीफ सीजन के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है और किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होगी. इसके बावजूद जमीनी स्तर पर छोटे किसानों को डीएपी नहीं मिलने की शिकायतें सामने आ रही हैं अधिकांश समितियों में आवश्यक खाद के साथ ही डी ए पी जैसे अति जरूरी खाद उबलब्ध नहीं है और कही कही कुछ कुछ खाद है भी तो सरकारी आदेश प्रति एकड़ 25 किलो डी ए पी, एक बोरा यूरिया, राखड़ , पोटास ही नाममात्र का दिया एजा रहा है इसी तरह बीज का भी समुचित भंडारण समितियों में नहीं होने से किसान बीज के लिए भटका रहे है कई समिति के सरना धान बीज करगायुक्त और अमानक वितरण की भी शिकायत किसानों ने किया है।इससे सरकारी दावों और वास्तविक व्यवस्था के बीच अंतर दिखाई दे रहा है।इस दौरा कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,पूर्व अध्यक्ष केश कला नंद कुमार सेन, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस रिवेन्द्र यादव,उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस टिकेश्वरी लाल देशमुख, महामंत्री जिला कांग्रेस योगिता चन्द्रकार, महामंत्री लक्ष्मी साहू, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़,रविंद्र सिन्हा, कैलाश सिन्हा, ताम्रज सिन्हा, मंडल अध्यक्ष नंद कुमार साहू,देवराज चतुर्वेदी, दिवाकर गायकवाड़,धर्मेंद्र बंजारे, मुरारी देशमुख,हरेंद्र देव, तारकेश्वर चन्द्रकार,सरपंच अंडा दिग्विजय सिन्हा,रुपेश देशमुख,डॉ पिलेश्वर साहू जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी,गीता महानन्द, जामवंत गजपाल,बेकुंठ,राजेश साहू, वेदनारायण, दुलरवा सोनबेर,शिवनारायण दिल्लीवार, युगल साहू चाँदखान, कृष्णा साहू, निरंजन राजपूत,अरुण वर्मा, डिकेंद्र हिरवानी,द्वारीका साहू, डॉ प्रहलाद वर्मा, बहादुर नेताम,मीना सूर्यवंशी,योगेश,जनार्दन साहू, गजेंद्र काकड़े, घनश्याम गजपाल,सहित जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के साथ साथ मंडल, सेक्टर, पंचायत वार्ड तथा बूथ कार्यकर्त्ताओं सहित एवं क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्रवर्तन विभाग के अभियान में 72 आवास और 21,800 वर्गफीट भूमि अतिक्रमणमुक्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 जून।** बीएसपी के प्रवर्तन विभाग ने टाउनशिप क्षेत्र में अवैध कब्जों, अतिक्रमणों और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ मई के दौरान सेक्टर-6 स्थित अनफिट ब्लॉकों के 40 आवासों से अवैध कब्जे हटाए। इसके अलावा टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 32 अन्य आवासों को भी कब्जा मुक्त कराया गया। विभाग ने 16 अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 21,800 वर्गफीट भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। सार्वजनिक स्थलों पर भी कार्रवाई करते हुए सिविक सेंटर और पंथी चौक क्षेत्र में संचालित अवैध ठेलों एवं अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। इससे यातायात व्यवस्था और आम नागरिकों की सुविधा में सुधार हुआ है। सड़क सुरक्षा और नगर सौंदर्यीकरण के तहत 25 अवैध होर्डिंग संरचनाएं हटाई गईं, जबकि विभिन्न क्षेत्रों से 975 अवैध बैनर और पोस्टर भी हटाए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले आवासों, दुकानों और अवैध परिसरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 53 विद्युत कनेक्शन भी काटे गए।

## एक नजर

### गांजा बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 5 जून (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाने पुलिस ने अवैध रुप से गांजा बेचने वाले एक युवक को पकड़ा है उसके कब्जे से 2 किलो 30 ग्राम गांजा बरामद किया है जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख रुपए है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सुपेला पुलिस को आज मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति डार्क ब्लू रंग की टी-शर्ट पहनकर योगा गार्डन नेहरू नगर के पास अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम तुषाल दास उर्फ मोन्टू (21 साल ) निवासी लवली होटल के पीछे, शहीद वीर नारायण सिंह नगर, थाना खुर्सीपार बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक सफेद झिल्ली एवं पॉलीथीन में रखा मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

### 62 पौवा शराब सहित युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 5 जून (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार थाने पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 62 पौवा देशी मदिरा जब्त की है मामले में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिरजू मांझी (20 साल ) निवासी करुणा अस्पताल के पास, नंदिनी रोड, छावनी भिलाई के रूप में हुई है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खुर्सीपार क्षेत्र के देवार बस्ती मछली मार्केट और देवार पारा स्थित खंडहर मकान के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को रंगे हाथ शराब बेचते हुए पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी मदिरा बरामद हुई? वहीं फरार आरोपी द्वारा बिक्री के लिए रखी गई 30 पौवा देशी मदिरा भी पुलिस जब्त कर ली इस तरह कुल 62 पौवा देशी शराब जब्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 7,260 रुपए बताई गई है? आरोपी के ने खिलाफ थाना खुर्सीपार में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### शराब दुकान के पास युवक का शव मिला

**भिलाई, 5 जून (तछसं.)।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के देर रात एक शराब दुकान के पास एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव का पंचनामा कर मरच्युरी भेजा गया फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि राजधानी बार के पास एक युवक मृत अवस्था में पड़ा है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को मरच्युरी भेजा जांच में मृतक सोनू रात्रे (39 साल ) निवासी गौतम नगर सुपेला के रुप में पहचान की है मौत का कारण अज्ञात है ।

### एक शाम बशीर बद्र के नाम का आयोजन 6 जून को

**भिलाई, 5 जून।** पद्मश्री डॉ. बशीर बद्र की स्मृति को समर्पित विशेष ग़ज़ल संध्या एक शाम बशीर बद्र के नाम का आयोजन 6 जून को महात्मा गांधी कला मंदिर में सायं 7:30 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध ग़ज़ल गायिका डॉ. साधना रहाटगांवकर, युवा ग़ज़ल गायक परन राज भाटिया तथा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन एवं ग़ज़ल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने वाले कर्मचारी किए गए स्थायी

**भिलाई, 5 जून।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने वाले सहायक ग्रेड-03 के कर्मचारी नम्रता सिंह ठाकुर, पूर्वांश नायडू, एस. कुलदीप रोशन तथा स्वच्छता पर्यवेक्षक त्रिवेणी देशपाण्डेय को निगम सेवा में स्थायी किया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि कर्मचारियों की कार्यकुशलता, अनुशासन एवं सेवा अवधि के मूल्यांकन के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।

# सील मकान का ताला तोड़ने पर जुर्म दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 जून ।** लाखों रुपए का ऋण नहीं चुकाने पर बैंक द्वारा जिला दंडाधिकारी दुर्ग के आदेश पर जिस मकान को अपने आधिपत्य में लेकर ताला लगाकर सील बंद किया गया था उसे आरोपी वसीम खान द्वारा ताला तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया गया है छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय गंजपारा दुर्ग में क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर पदस्थ श्रीमती एनी अंसारी की शिकायत पर पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने आरोपी वसीम खान के खिलाफ धारा 324(3), 329 (3) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है पुलिस ने बताया कि ग्रामीण बैंक गंजपारा दुर्ग से 31 दिसंबर 2016 को मोहम्मद कासिम खान एवं मोहम्मद नसीम खान द्वारा 1200 वर्ग फीट भूमि सुभाष नगर मस्जिद के पास कसारीडीह के मकान पर 26 लाख रुपए आवासीय ऋण लिया गया था कासिम खान की मृत्यु होने के बाद सह ऋणी नसीम खान द्वारा आवास ऋण नहीं पटाया जा रहा था। ऋण नहीं पटाने के कारण बैंक द्वारा सरफेसी एक्ट के तहत जिला दंडाधिकारी दुर्ग के आदेश पर आवास को बैंक के सुपुर्द किया गया था, जिस पर बैंक द्वारा उक्त मकान को अपने आधिपत्य में लेकर ताला लगाकर सील बंद किया गया था उस मकान को कासिम खान के लड़के वसीम खान द्वारा 21 मार्च 2025 को ताला तोड़कर कब्जे में ले लिया गया था। इसके बाद पुनः जिला दंडाधिकारी के आदेश पर उक्त आवास को 10 मार्च 2026 को बैंक अपने आधिपत्य में लेकर ताला लगाकर सील बंद किया था। जिस पर पुनः मोहम्मद कासिम के लड़के वसीम खान द्वारा 28 अप्रैल 2026 को ताला तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया गया है और उस मकान में वह परिवार के साथ रह रहा है। बंधक मकान को कब्जा करने की सत्यता जानने के लिए बैंक के द्वारा 28 अप्रैल 2026 को महिला पुलिसकर्मी के साथ बैंक की क्षेत्रीय प्रबंधक एवं मैनेजर के साथ उक्त निवास का निरीक्षण किया गया। जब मकान में बैंक के अंदर में गेट एवं अंदर के दरवाजे पर लगाया गया सीलबंद ताला की जगह दूसरा ताला लगा हुआ पाया गया। बैंक के द्वारा बाहरी दीवार पर एवं अंदर की दीवार पर भौतिक कब्जा की नोटिस जो पेंट से स्प्रे करके लगाया गया था उस पर भी पेंट कर दिया गया था। आसपास के लोगों ने भी अधिकारियों को बताया कि वसीम खान द्वारा उसके पिता की मृत्यु के बाद मकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया गया है। शिकायत में बताया गया है कि बैंक द्वारा कासिम खान एवं नसीम खान को आवास ऋण दिया गया था। उक्त खसरा को कासिम खान के देहांत के बाद छलपूर्वक कासिम खान का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम, नसीम का नाम एवं अपनी दो बहनों का नाम जोड़ा गया है जो कि बिना बैंक की अनुमति से छल पूर्वक एवं हेरा फेरी कर यह कृत्य किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# महिमा हॉस्पिटल में शिविर में 32 यूनिट रक्तदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,5 जून।** महिमा हॉस्पिटल के डायरेक्टर टी.आर. यादव के जन्मदिन के शुभ अवसर पर महिमा हॉस्पिटल उतई में बाला जी ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

डॉ. टी.आर. यादव ने रक्तदान कर इस आयोजन का शुभारंभ किया और कहा कि अपने जन्मदिन को खास बनाने से इसे अच्छा कोई और उपाय नही रक्तदान से किसी जरूरतमंद को रक्त मिल जाता है।उससे उसकी जिंदगी भी बचाया जा सकता है। मंहगे पार्टी करने से किसी को लाभ नही होता बल्कि पैसों की बर्बादी होती है। इससे अच्छा कुछ ऐसा करें जिसमे लोगों की भलाई हो सके इस शिविर में हॉस्पिटल स्टॉफ के साथ साथ ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया जिससे कुल 32 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ !

रक्तदान करने वाले में रूपेशपारख, किशोर ,शोभीत साहू, मोहन साहू , अर्पित देवांगन ,खीलेश, रुपेश मोरे, रूपनारायण देवांगन ,डॉ कमलेश बंजारे, डॉ. लक्ष्मण साहू , डॉ. तामेश्वर साहू डॉ. योगेश साहू, डॉ. रोहित बंजारे,डॉ.कोमल देशमुख लोकेश यादव ने अपना रक्तदान किया सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और हेलमेट देकर सम्मानित किया गया शिविर को सफल बनाने में नरोत्तम वर्मा, हेमंत साहू, धीरज, ललित

# सम्बरालु शीतला महोत्सव में शामिल हुए सांसद विजय बघेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 जून।** अल्लपुरी सीताराम चौक बालाजी नगर खुर्सीपार में तेलुगु समाज द्वारा आयोजित मनिनम्मा सम्बरालु सीतला माता महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल शामिल हुए।सांसद विजय बघेल ने नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न आकर्षक झांकियों का अवलोकन किया तथा सीतला माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भिलाई वास्तव में मिनी भारत है, जहां देश के विभिन्न राज्यों के लोग अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ सौहार्दपूर्वक निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि तेलुगु समाज द्वारा आयोजित यह महोत्सव आंध्र प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण है। संस्कृति समिति के अध्यक्ष के. श्याम सुंदर राव ने बताया कि यह महोत्सव वर्षों से तेलुगु समाज की आस्था और परंपरा का प्रतीक रहा है। इस वर्ष भी आंध्र प्रदेश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाती अनेक आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर भ्रमण यात्रा में भगवान बालाजी की झांकी, कोबरा डांस, अलारु नृत्य, नौ दुर्गा स्वरूप, वडुका पडम, अक्का अलाडु, जालरी संस्कृति तथा विशाखापट्टनम की सांस्कृतिक झलकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से विशाखापट्टनम से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कोबरा डांस एवं पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।

# पेड़ भी, पार्क भी, पर्यावरण दिवस पर आम्रपाली वर्चुअल सिटी की खास पहल



**भिलाई, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आम्रपाली वर्चुअल सिटी में सिर्फ पौधे ही नहीं लगाए गए, बल्कि यहाँ के रहवासियों ने मिलकर खूबसूरत गार्डन भी तैयार किया, जो अब पूरे परिसर की नई पहचान बन रहा है। परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में आम्रपाली वर्चुअल सिटी के अध्यक्ष पी.एस. सिंह ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान निवासियों द्वारा विकसित उद्यान का लोकार्पण भी किया गया। हरियाली और सौंदर्य से सजे इस गार्डन को तैयार करने में इंदु आईटी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अध्यक्ष पी.एस. सिंह एवं वरिष्ठ नागरिक अशोक गोयल ने कहा कि पेड़ लगाना केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी रहवासियों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच ऐसे छोटे-छोटे प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। वृक्षारोपण के साथ सभी ने हरित, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल परिसर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सोसायटी के रहवासी, पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### हनोदा माइनर नहर क्षेत्र में वर्षों से किए गए अतिक्रमणों को अभियान चला कर हटाया गया

**दुर्ग, 5 जून ।** जल संसाधन विभाग के अधीन हनोदा माइनर नहर, जो नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत डी.पी.एस. स्कूल से वी.आई.पी. नगर तक प्रवाहित है। उक्त नहर क्षेत्र एवं विभागीय स्वामित्वाधीन शासकीय भूमि पर विगत कई वर्षों से किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने हेतु जल संसाधन विभाग एवं नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान संचालित कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही संपादित की गई।नहरें एवं उनसे संबद्ध शासकीय भूमि केवल विभागीय परिसंपत्तियां मात्र नहीं हैं, बल्कि वे सार्वजनिक उपयोगिता की महत्वपूर्ण संरचनाएं हैं, जिनका संरक्षण, अनुरक्षण एवं अतिक्रमण मुक्त रखा जाना जनहित, जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन तथा विभागीय दायित्वों के सुचारू निर्वहन के लिए अत्यंत आवश्यक है। नहर क्षेत्र में किया गया अवैध अतिक्रमण न केवल शासकीय भूमि पर अनधिकृत कब्जे की श्रेणी में आता है।

# चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज, नई सर्विस रोड और वेंडर जोन का आयुक्त ने लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 जून।** भिलाई के लोगों को जल्द ही बेहतर यातायात सुविधा और व्यवस्थित बाजार क्षेत्र की सौगात मिल सकती है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज, निर्माणाधीन सर्विस रोड और प्रस्तावित वेंडर जोन का निरीक्षण कर अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। अंडरब्रिज में सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण तेजी से चल रहा है। इसके पूरा होने के बाद इस क्षेत्र में आवाजाही और अधिक सुगम होने की उम्मीद है। वहीं, चंद्रा मौर्या चौक से जोन-3 कार्यालय तक बन रही सर्विस रोड स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के लिए राहत लेकर आएगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने प्रस्तावित वेंडर जोन का भी जायजा लिया। यह वेंडर जोन तैयार होने के बाद ठेला और फुटपाथ व्यवसायियों को एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराएगा, जिससे सड़क किनारे अव्यवस्था कम होगी और रोजगार को भी बेहतर माहौल मिलेगा। आयुक्त ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमणों को लेकर भी सख्त रुख अपनाया। मजार से हुंडई शोरूम के पीछे सरकारी जमीन पर रखे गए कबाड़ और अन्य सामग्री को हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध रूप से बसे लोगों को स्थल खाली करने की चेतावनी दी गई। यदि सभी परियोजनाएं तय समय पर पूरी होती हैं, तो आने वाले महीनों में चंद्रा मौर्या क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और शहरी सुविधाओं में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

### विधायक देवेन्द्र ने उत्कर्ष योजना की प्रवेश प्रक्रिया पुनः शुरू करने की मांग की

**भिलाई, 5 जून।** देवेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना की वर्ष 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने की मांग की है।



इस संबंध में उन्होंने रामविचार नेताम को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। विधायक यादव ने कहा कि यह योजना अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। इसके जरिए विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ सर्वांगीण विकास का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि योजना की प्रवेश प्रक्रिया स्थगित किए जाने के बाद अभिभावकों और विद्यार्थियों में निराशा का माहौल है। प्रवेश प्रक्रिया रुकने से उन विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है, जो इस वर्ष प्रवेश परीक्षा में शामिल होने की तैयारी कर रहे थे। देवेन्द्र यादव ने मंत्री से मांग की है कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया और प्रवेश परीक्षा की नई तिथि जल्द घोषित की जाए।

## समाचार संक्षेप

### खुर्सीपार में चला बुलडोजर, असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बना जर्जर भवन ध्वस्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 जून ।** खुर्सीपार में लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बने एक जर्जर भवन पर आखिरकार निगम का बुलडोजर चल गया। नगर निगम ने जोन-4 क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 49 स्थित हार्ट बाजार के पास स्थित पुराने भवन को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया।निगम प्रशासन के अनुसार यह भवन काफी समय से जर्जर अवस्था में था और स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था। रहवासियों ने आरोप लगाया था कि भवन के भीतर शराबखोरी, गांजा सेवन और जुआ जैसी गतिविधियां संचालित हो रही थीं, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को देखते हुए निगम ने कार्रवाई करते हुए भवन को ढहा दिया। कार्रवाई के दौरान निगम अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी से पूरे ढांचे को हटाया गया।

### आयुक्त ने खुर्सीपार में सड़क निर्माण और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 5 जून।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का दौरा कर प्रस्तावित सड़क निर्माण, नालियों की सफाई व्यवस्था तथा अवैध बाउंड्रीवाल निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने और सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सम्राट अशोक चौक से खुर्सीपार बस्ती एवं गुरुद्वारा मार्ग होते हुए खुर्सीपार थाना के पीछे स्थित वार्ड तक प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण कर सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने क्षेत्र की नालियों की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव की समस्या न हो और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान अमरनाथ दुबे, संजय वर्मा, चंद्रकांत साहू, बसंत साहू, बालकृष्ण नायडू, हेमंत मांझी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड भारत सरकार (रेल मंत्रालय) के लिए 18 गांवों में जमीन, खरीदी एवं बिक्री प्रतिबंधित

**दुर्ग, 5 जून ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने परियोजना प्रबंधक/विद्युत रायपुर, डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड भारत सरकार (रेल मंत्रालय) के पत्रानुसार दुर्ग जिले में प्रस्तावित ईस्ट एण्ड वेस्ट डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर परियोजना के निर्माण हेतु तहसील दुर्ग एवं पाटन के 18 ग्रामों क्रमशः ग्राम बिरेझर, चंगोरी, कोनारी, चंदखुरी, हनोदा, खम्हरिया, उमरपोटी, उतई, डुमरडीह, सिरसाकला, परसदा (पाहंदा) दुर्ग तहसील एवं ग्राम परेवाडीह, पहंडोर, सोमनी, औंधी, मगरघटा, बेन्द्री एवं पथरीडीह पाटन तहसील के निजी भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यवपर्तन, खरीदी-बिक्री आदि को प्रभावित ग्रामीणों के हितों की रक्षा और परियोजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।

## एक नजर

### महापौर ने नए जेसीबी की पूजा कर चालक को सौंपी चाबी

**राजनांदगांव 5 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम में सुविधा विस्तार की कडी में 15 वें वित्त आयोग योजनान्तर्गत नया जे.सी.बी. क्रय किया गया, जिसका वार्डो में साफ सफाई, पाईप लाईन एवं अन्य कार्यो के लिए उपयोग किया जायेगा। उक्त नये जे.सी.बी.ब मशीन का महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा,कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, पार्षद श्री मनोहर यादव व श्री सतीश साहू, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा, मोटर प्रभारी श्री सुरेन्द्र साव की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर चालक को चाबी सौंपी। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि, निगम के 4 जे.सी.बी. लगभग 10-12 वर्ष पुरानी होने के कारण खराब हो जाती है, जिससे कचरा मलमा उठाने एवं पाईप लाईन के कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। जिसे दुर करने नगर निगम द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नये जे.सी.बी. क्रय करने शासन को प्रस्ताव भेजा, शासन स्वीकृति पश्चात् विधिवत प्रक्रिया कर नये जे.सी.बी. मशीन क्रय किया गया। उक्त जे.सी.बी. से अब शहर में साफसफाई, मलमा उठाने, नाला सफाई, पाईप लाईन के कार्य करने में आसानी होगी। उन्होने प्रभारी अधिकारी से कहा कि, इसका उचित रख रखाव किया जाए एवं पुरानी जे.सी.बी. मशीन को भी दुरूस्त रखा जाए और इसका उपयोग बारिश के पूर्व सभी बड़े नालो की सफाई करने में किया जाए।

### अपने घर व आस पास पौधे लगाने का संकल्प लेने की महापौर ने नागरिकों से की अपील

**राजनांदगांव 5 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली को बढ़ावा देने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून शुक्रवार को अपने अपने घर व आस पास रिक्त भूमि पर पौधे लगाने का संकल्प लेने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नगरवासियो से अपील की है। साथ ही उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम लगाकर परिवार को वृक्षारोपण से जोडने की अपील की है। महापौर श्री यादव ने अपील करते हुये कहा कि आज के इस औधोगीकरण एवं शहरी करण के युग में पौधे लगाने की नितांत आवश्यकता है। क्योकि इसके कारण वृक्षों की अंधा-धुध कटाई हो रही है और कटाई के अनुपात में वृक्ष नहीं लग पा रहे है, जिससे हमारा जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होने कहा कि कोरोना महामारी में आक्सीजन की कमी के कारण हमने अपनों को खोया है। ये हमारे लिये सबसे बड़ा सबक है, इन बातों को ध्यान में रखते हुये हम सब अपने घर, आंगन व घर के आस पास एक पौधे लगाये एवं अपने बच्चों को भी प्रेरित करे। ताकि भविष्य में उन्हें इस प्रकार की परेशानी न उठानी पडे। उन्होंने कहा कि शासन ने वृक्षारोपण को परिवार से जोडने एक पेड़ माँ के नाम से लगाने अभियान चलाया है, जिसका अर्थ परिवार के सभी लोग पेड को माँ की तरह सम्मान देकर उसकी देख रेख करे, जिससे वृक्ष माँ की तरह खड़ा होकर हमे आक्सीजन प्रदान कर सके। महापौर श्री यादव ने कहा कि शहर को हरा भरा करने एवं स्वच्छ वातावरण निर्मित करने नगर निगम द्वारा विगत 7-8 वर्षो से लगातार शहर में वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसके तहत शहर में सडक के किराने, डिवाईडर, फ्लाई ओव्हर के नीचे, वार्डो एवं कालोनी में, शासकीय संस्थाओ, शिक्षण संस्थाओ, के अलावा अन्य रिक्त क्षेत्रों में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किये गये है।

### आयुर्वेद औषधालय बेलगांव को मिला डॉक्टर, ग्रामीणों में हर्ष

**डोंगरगढ़ 5 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ब्लॉक के सबसे बड़े ग्राम बेलगांव



मैं सालों से रिक्त डॉक्टर की कमी से जूझ रहे आयुर्वेद औषधालय मे जिला कलेक्टर द्वारा सोमनी में पदस्थ आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर श्रीमती आयशा गाजी को बेलगांव आयुर्वेद औषधालय में पदस्त किया किया गया बेलगांव की इस आयुर्वेद औषधालय में जटकनहर धूशेरा कोलंद्र ठाकुर टोला कुसमी माड़ीतराई आदि दर्जनो गांव के ग्रामीण अपना इलाज करवाने यहां आते हैं अब ग्रामीणों को डॉक्टर की नियुक्ति से अच्छे स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा ग्रामीणों ने डॉक्टर गाजी से मिलकर शुभकामनाएं दी।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा ने किया पत्रकारों को सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 5 जून।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह एवं ÷वैश्विक शांति की आवश्यकता : मीडिया की भूमिका विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय पत्रकार, मीडिया प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मधुकर द्विवेदी उपस्थित रहे, पत्रकार प्रियंका कौशल एवं अनेक स्थानीय पत्रकार मोती ज्ञानचंदानी गोरी सेनी गजेंद्र वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे, सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।अपने उद्बोधन में मधुकर द्विवेदी ने कहा कि पत्रकारिता के आदिपुरुष नारद मुनि माने जाते हैं, जिनकी पत्रकारिता लोककल्याणकारी थी।उन्होंने क्षेत्रीय पत्रकारिता को भारतीय पत्रकारिता की आत्मा बताते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में भी निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। मंच से पत्रकारों ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां चिंताजनक हैं और विश्व युद्ध जैसी आशंकाओं के बीच पत्रकारों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने पत्रकारों से अपनी लेखनी के माध्यम से संवाद, समाधान और शांति का मार्ग प्रशस्त करने का आह्वान किया। वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका कौशल ने कहा कि जब हम बदलेंगे, तब विश्व बदलेगा उन्हें हर कदम पर निष्पक्ष एवं ईमानदार पत्रकारिता करने की प्रेरणा दी।वरिष्ठ पत्रकार विशाल भाई ने कहा कि पत्रकारों को प्रत्येक दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों से करनी चाहिए। सकारात्मक चिंतन से न केवल जीवन में शांति आती है बल्कि समाज में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा की संचालिका बीके प्रियंका ने कहा कि राजयोग एवं आध्यात्मिक ज्ञान मानव जीवन की समस्याओं के समाधान का अक्षय भंडार है। यदि व्यक्ति स्वयं को आध्यात्मिक रूप से सशक्त बना ले तो वह अपने साथ-साथ समाज को भी सकारात्मक दिशा दे सकता है। अंत में पार्षद रानी सौरभ जैन ने सभी पत्रकारों, अतिथियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं तथा उनकी भूमिका मंचासीन अतिथियों के समान ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया तथा उपस्थित सभी पत्रकारों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने इस आयोजन को पत्रकारिता में सकारात्मकता, नैतिक मूल्यों एवं वैश्विक शांति के संदेश को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी प्रयास बताया।

# जनता तक पहुंचे योजनाओं का वास्तविक लाभ प्रशासन जवाबदेही के साथ करे कार्य : सीएम साय

**रायपुर 5 जून।** शासन प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार के अंतर्गत बिलासपुर प्रवास के दौरान बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सक्ती एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने विकास कार्यों की प्रगति, राजस्व मामलों, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं तथा आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।




मुख्यमंत्री ने राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा से बाहर तथा एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अन्य राजस्व प्रकरण सीधे नागरिकों के जीवन और आजीविका से जुड़े होते हैं। ऐसे मामलों में अनावश्यक विलंब आमजन की परेशानी बढ़ाता है, इसलिए इनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को देखते हुए सभी जिलों में पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न न हो, इसके लिए निरंतर निगरानी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए संभावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए अग्रिम तैयारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं और मूलभूत सुविधाओं के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता, भंडारण और वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के कारण डीएपी उर्वरक की सीमित उपलब्धता का उल्लेख करते हुए किसानों को वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एसएसपी, यूरिया, नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी जैसे विकल्पों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। वैज्ञानिक खेती और संतुलित उर्वरक उपयोग से उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ खेती की लागत भी कम की जा सकती है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण और आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे तकनीक आधारित कृषि गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। इससे कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का विस्तार होगा और महिलाओं के लिए रोजगार एवं आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वे स्वयं प्रदेश में आयोजित समाधान शिविरों में शामिल होकर आम नागरिकों से सीधे संवाद कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि जनता का शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार केवल शिकायतों के निराकरण का अभियान नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की 28वीं किश्त जारी होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सतत निगरानी और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन का वास्तविक उद्देश्य है। यही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का आधार बनेगा। बैठक में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक श्री अमर अग्रवाल, श्री धरमलाल कौशिक, श्री धर्मजीत सिंह, श्री सुशांत शुक्ला, श्री दिलीप डहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, विशेष सचिव श्री रजत बंसल, संभागायुक्त श्री सुनील जैन, पुलिस महानिरीक्षक श्री रामगोपाल गर्ग तथा पांचों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सेन समाज ने जोन अध्यक्ष गज्जू साहू के जन्म दिवस पर भंडारा का आयोजन किया



**रायपुर 5 जून।** नगर पालिका जोन क्रमांक 1 के अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद श्री गज्जू साहू के जन्म दिवस के अवसर पर रायपुर जिला सेन समाज के तत्वाधान में जलाराम मंदिर के पास भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सेन समाज के जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर, नारायण प्रसाद सेन ,श्रीमती इंद्राणी ठाकुर, श्रीमती पिंकी हिरेंद्र सेन, श्री शिव कुमार राजपूत, नारद सिंह राजपूत, पीलाराम पांडे, राधा साहू प्रेरणा साहू गुंजन साहू कमलेश सभी ने श्री गज्जू साहू का पगड़ी एवं गमछा पहनकर तथा तिलक वंदन कर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य का प्रतीक चिन्ह लाठी भेंट कर उनके दीर्घायु होने की मंगल कामना की जलाराम मंदिर के पास प्रसादी एवं भंडारे में लगभग 12 00 लोगों ने भंडारे का लाभ लिया कार्यक्रम में विशेष रूप से कमलेश एवं प्रदीप का महत्वपूर्ण सहयोग रहा, उक्त जानकारी सेन समाज के जिला अध्यक्ष डॉ मनोज।

## बजट प्रावधान क्रियान्वयन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियो की महापौर ने ली बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 जून।** महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आज बजट प्रावधान क्रियान्वयन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियो की बैठक लेकर आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एवं निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा की उपस्थिति में बजट प्रावधानों पर बिन्दुवार चर्चा कर दिशा निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव ने बैठक में कहा की गत वित्तीय वर्ष के दीर्धकालीन योजनाएं जो प्रगतिरत है उन्हें आगे बढ़ाकर पूरा करना है इसी प्रकार इस वर्ष के प्रावधानों का भी क्रियान्वयन करना है। उन्होने कहा की सभी प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, सभी अधिकारी प्रावधान अनुसार स्थानीय एवं शासन स्तर पर प्रक्रिया करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रावधानों का लाभ जनता को मिल सके। उन्होने बिन्दुवार सभी प्रावधानों के संबंध में प्रभारी अधिकारियो से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि कुछ प्रावधानों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमे निर्धन छात्रा शिक्षा व्यवस्था अंतर्गत तीन शाला में निर्धन छात्राओं के वार्षिक शुल्क के लिए प्राचार्यो को राशि दी गयी है, वार्डो में डस्टबिन वितरण किया जा रहा है, मस्ती की पाठशाला का हर रविवार को आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा गंजपारा अंग्रेजी माध्यम स्कुल का जीर्णोध्दार किया गया, सड़क चैड़ी करण व उन्नयन कार्य, मंदिरों का जीर्णोध्दार, हाईमास्क लगाने के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। आयुक्त ने कहा की काम्पलेक्स निर्माण के लिए पुराने भवन तोड़ने सामान्य सभा से स्वीकृति उपरांत आगे की प्रक्रिया की जा रही है। पाईप लाईन विस्तार टंकी निर्माण जल सयंत्र गृह मरम्मत के लिए शासन स्तर पर तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता को भेजा गया है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए उचित स्थल का चयन कर प्रक्रिया करें ताकि वर्षाऋतु में पौधरोपण किया जा सकें। इसके अलावा व्यवसायिक परिसर निर्माण, तालाब संरक्षण व सौंदर्यीकरण, उद्यान संरक्षण, चैक चैराहों का सौंदर्यीकरण, प्रतिमा स्थापना, क्रिकेट टर्फ का निर्माण, महिला हाट बाजार व महिला प्रसाधन, डाग शेल्टर आदि प्रावधानों के अलावा अन्य प्रावधानों के लिए शासन की अधोसरचना, पर्यावरण उपकर निधि, 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन योजनांतर्गत प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें तथा जिन प्रस्तावो को शासन को भेजा गया है, शासन स्तर पर उसकी स्थिति की जानकारी लेकर अवगत करावे, जिससे आगे की प्रक्रिया की जा सके। उन्होने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी बजट प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया करें ताकि प्रवाधनों का क्रियान्वयन होकर धरातल पर काम दिख सके। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खांडे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू के रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, शिक्षा सचिव श्री संजीव मिश्रा, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे उपस्थित थे।

# घुमका की जनता ने भाजपा को दिखाया आईना : संतोष पिल्ले

**राजनांदगांव 5 जून।** घुमका नगर पंचायत चुनाव परिणामों को भाजपा की नीतियों और कार्यशैली के खिलाफजनता का स्पष्ट संदेश बताते हुए नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि डबल इंजन सरकार का दावा करने वाली भाजपा को जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से आईना दिखाया है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा अपने अहंकार और निरंकुश रवैये को नहीं छोड़ती है तो भविष्य में भी जनता इसी तरह जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

श्री पिल्ले ने घुमका नगर पंचायत के आम चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह चुनाव परिणाम जनता की भावना और भाजपा सरकार की कार्यशैली के प्रति लोगों की नाराजगी का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र में सत्ता में होने के बावजूद भाजपा जनता की मूलभूत समस्याओं को दूर करने में असफल रही है जिसका जवाब मतदाताओं ने चुनाव में दिया है। श्री पिल्ले ने कहा कि भाजपा लगातार डबल इंजन सरकार का प्रचार करती रही लेकिन घुमका की जनता ने यह साबित कर



दिया कि केवल नारों और दावों से विकास नहीं होता। जनता अपने अधिकारों, सुविधाओं और स्थानीय समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देती है। जब जनप्रतिनिधि और सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते तब मतदाता लोकतांत्रिक तरीके से अपना निर्णय सुनाते हैं। उन्होंने कहा कि घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने अध्यक्ष पद सहित चार वार्डों में जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया है कि जनता का भरोसा कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर लगातार बढ़ रहा है। इस जीत ने कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान की है। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं का मनोबल बढ़ा है तथा आने वाले चुनावों के लिए सकारात्मक माहौल बना है। श्री पिल्ले ने कहा कि भाजपा को इस परिणाम से सबक लेना चाहिए और जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए अपने कार्य व्यवहार में बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भाजपा का अहंकार नहीं टूटा और उसकी निरंकुश कार्यशैली जारी रही तो आने वाले समय में प्रदेश और स्थानीय निकायों के अन्य चुनावों में भी जनता इसी प्रकार जवाब देगी। उन्होंने घुमका की जनता, कांग्रेस प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देकर उनके हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी। यह जीत जनता के विश्वास, कार्यकर्ताओं की मेहनत और कांग्रेस की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता की जीत है।

### नई इनोवा क्रिस्टा नए प्रीमियम लुक और फीचर्स के साथ लॉन्च

**रायपुर, 5 जून।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी लोकप्रिय एमपीवी इनोवा क्रिस्टा को नए डिजाइन और अतिरिक्त सुविधाओं के साथ लॉन्च किया है। नई इनोवा क्रिस्टा में आकर्षक रेडिएटर ग्रिल, अपडेटेड आगे और पीछे के बंपर गार्निश दिए गए हैं, जो इसे पहले से अधिक दमदार और शानदार स्वरूप प्रदान करते हैं। वाहन के अंदर दोहरे रंग की चमड़े की सीटें, नए इंटीरियर ट्रिम फिनिश, वायरलेस चार्जिंग सुविधा और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) जैसी आधुनिक सुविधाएँ जोड़ी गई हैं। इसके अलावा एसी कंट्रोल और विभिन्न स्विचों की डिजाइनिंग को भी अधिक आकर्षक बनाया गया है, जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलता है। नई इनोवा क्रिस्टा में टोयोटा का भरोसेमंद 2.4 लीटर डीजल इंजन और मैनुअल गियरबॉक्स दिया गया है, जो बेहतरीन प्रदर्शन और सुगम संचालन सुनिश्चित करता है। कंपनी का कहना है कि यह वाहन परिवारों, व्यवसायिक उपयोगकर्ताओं और लंबी दूरी की यात्रा करने वाले ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास का तीसरा दिन

# मानव जीवन कल्याण के लिए राधा-माधव चरित्र का मनन करे : पंडित अर्पित भाई शर्मा

**राजनंदगांव 5 जून।** श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वाधान में आयोजित पावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर 16 दिवसीय सत्संग महोत्सव के तीसरे दिन दो दिवसीय श्री राधा - माधव चरित्र कथा की मीमांसा करते हुए व्यासपीठ पर अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि राधा - माधव का चरित्र जीवन को धन्य बनाने वाला है सत्संग के बिना जीवन पूर्ण नहीं होता । भक्ति , ज्ञान एवं सत्कर्म सत्संग से ही प्राप्त होते हैं तथा सत्संग से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है , सत्संग की महिमा का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि सत्संग से विवेक उत्पन्न होता है तथा जीवन - मृत्यु , दुख - सुख की अनुभूति होती है ।

कथा व्यास पूज्य अर्पित भाई शर्मा ने राधा - माधव चरित्र की विवेचना करते हुए कहा कि एक ब्रह्म स्वरूप ज्योति जो दो भागों में विभक्त हुई एवं उससे राधा - माधव प्रकट हुए । पूज्य आचार्य श्री ने राधा रानी को शिव स्वरूप और श्री कृष्ण को महाकाली का स्वरूप बताते हुए कहा कि कृष्ण अवतार के समय जब भगवान शिव ने शक्ति स्वरूपा



देवी से कृष्ण अवतार की चर्चा की , तब सती ने कहा कि मैंने सती एवं सीता स्वरूप में बहुत दुख प्राप्त किए हैं अतः अब आप राधा स्वरुप और मैं श्री कृष्ण स्वरूप में अवतार लेना चाहती हूं । यही कारण है कि काली स्वरूप में श्री कृष्ण ने एवं शिव स्वरूप में राधा रानी ने अवतार लिया है । हम देखते हैं कि भगवान श्री कृष्णा हमेशा राधा रानी के चरणों की सेवा में लगे रहते हैं वास्तव में यह माता सती का शिव की सेवा का स्वरूप है । सनातन संस्कृति में पति की चरण सेवा पति द्वारा करना वर्जित है फिर भी भगवान श्री कृष्ण जी राधा के चरणों की सेवा में निरंतर लगे रहते हैं एक कहावत भी है कि ÷ वृंदावन में हुकुम चले बरसाने वाली का , मेरा श्याम दीवाना है राधे रानी का÷ ।

पूज्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने प्रेम की व्याख्या करते हुए गोपियों के प्रेम की मीमांसा की , उद्धव गोपी प्रेम संवाद के माध्यम से प्रेम की पराकाष्ठा का अनुभव कराया । वर्तमान समय में सांसारिक व्यक्ति प्रेम को नहीं समझ पाते । माचिस की तीली का उदाहरण देते हुए आचार्य श्री ने कहा कि तीली के अंतिम छोर तक अग्नि के पहुंचने के पूर्व तीली छोड़नी पड़ती है । गोविंद दामोदर श्लोक में गोपियों का श्री कृष्ण के प्रति प्रेम के दर्शन की स्तुति है गोपिया प्रेम रूपी मथनी से मथ कर श्री कृष्ण चरित्र का गायन करती है ।

**श्रीराधा नाम की महिमा** - पूज्य अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि राधा नाम संकीर्तन की अपार महिमा है । सत्यभामा प्रसंग के माध्यम से राधा नाम की महिमा बताते हुए कहा कि तुला के एक और श्री कृष्णा बैठे थे और दूसरी और सत्यभामा सहित सभी रानियां की बहुमूल्य वस्तुएं रखी थी, किंतु तुला अंश पर भी नहीं सरका । तब रुक्मणी जी ने सारे हीरे जवाहरात हटाकर एक तुलसी दल को गंगाजल से सिंचित करके उसमें अष्टगंध से श्री राधा नाम लिखकर तुला के दूसरी ओर रखा और देखते ही देखते श्री कृष्ण की ओर का तराजू अपने आप ऊपर उठ गया । श्री प्रेमानंद जी महाराज का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 14 वर्षों से दोनों किडनी फेल होने के बावजूद श्री राधा नाम संकीर्तन करने से आज भी वे स्वस्थ हैं । अजामिल का उदाहरण देते हुए कहा कि अजामिल ने अपने अंतिम समय में अपने पुत्र नारायण के नाम को पुकारा तो प्रभु उसे श्री धाम लेकर चले गए । हम यदि लाडली जी के दास बन जाए तो जीवन सफल हो जाएगा । वेदों की व्याख्या करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि जिनकी चरण राज प्राप्त करने परम ब्रह्म परमेश्वर भी लालायित रहते हैं उनको प्रणाम करें तो कल्याण हो जाएगा ।

**प्रसाद की महिमा**- प्रसाद की महिमा का बखान करते हुए पूज्य शर्मा ने कहा कि हम भोग लगाते हैं , भोग की थाली प्रभु के सामने रखते हैं जब खाली वापस आती है तो उसमें तुलसी दल भी मिला रहता है , भोजन में तुलसी के आते ही वह प्रसाद बन जाता है । प्रसाद तीन अक्षर से बना है पहला प्र अर्थात प्रत्यक्ष ,सा अर्थात साक्षात एवं द अर्थात दर्शन । प्रत्यक्ष साक्षात दर्शन ही प्रसाद है । उन्होंने प्रसाद की महिमा भगवान जगन्नाथ जी के आनंद बाजार प्रसाद से की । गज एवं ग्राह की कथा की विवेचना करते हुए कहा कि गृह अर्थात मगर हम कथा में नहीं आते तब कहते हैं कि मैं आने ही वाला था मगर । यही ग्राह हमें सत्संग से दूर रखता है । हम स्वान को रोटी देते हैं तो वह भी दिन में 10 बार हमारे पास आता है। किंतु वर्तमान समय में मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है कि जिसका पालन पोषण वह जीवन भर करके बड़ा करता है , वही उसे धिक्कार देता है । दूसरे दिन की कथा में श्री लाडली जी की चरित्र कथा की विवेचना की जाएगी । सत्संग प्रारंभ होने के पूर्व व्यासपीठ का पूजन जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार , दैनिक दावा समाचार पत्र के संपादक सूरज बुद्धदेव , अखिल भारतीय खंडेलवाल समाज के शरद खंडेलवाल ने किया एवं व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

### सटोरियों के खिलाफचलाया गया विशेष अभियान, 7 गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 5 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अवैध जुआ और सट्टा कारोबारियों के खिलाफपुलिस ने पूरी तरह से कमर कस ली है। इसी कड़ी में दिनांक 03.06.2026 को पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में संपूर्ण जिले में सट्टा पट्टी लिखने वाले सटोरियों की धरपकड़ हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत थाना पलारी, लवन, भाटापारा शहर एवं सिटी कोतवाली की पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दी और सट्टा कारोबार में लिप्त अपराधियों पर नकेल कसते हुए ?07 आरोपियों को गिरफ्त में लिया गया। इस सघन जांच और कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 7 आरोपी सटोरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस द्वारा कुल 10,444 नगद राशि, ?05 स्मार्टफोन (मोबाइल) भारी मात्रा में सट्टा पट्टी और दांव लगाने की सामग्री जब्त की गई है। अपराध मुक्त जिला बनाने का संकल्प- जिले में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार, जुआ, सट्टा या नशीले पदार्थों की बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## हार का एक परिणाम बिखराव भी होता है पार्टी में

राजनीति में पार्टी जीतती है तो राजनीतिक दल में उत्साह पैदा होता है, पार्टी का नेतृत्व मजबूत होता है। पार्टी एकजुट व मजबूत रहती है। सत्ता हाथ में रहे तो पार्टी को चलाने में कोई दिक्कत नहीं होती है, पार्टी आर्थिक रूप से मजबूत बनी रहती है, चुनाव लडऩे के लिए पैसे व कार्यकर्ताओं की कमी नहीं रहती है। पंद्रह साल बाद कोई पार्टी चुनाव हार जाए तो यह पार्टी के सभी लोगों के लिए बड़ा झटका होता है, एकता के तार टूट जाते हैं,सबको लगता है कि अब पार्टी सत्ता में नहीं आने वाली है। पं.बंगाल में तो आज तक ऐसा ही होता आया है। आजादी के बाद कांग्रेस कई दशक सत्ता में रही, वह सत्ता से बाहर हुई तो वामपंथी दल सत्ता में कई दशक तक रहे और वह गए तो ममता पंद्रह साल सत्ता में रही। यानी पं. बंगाल में जो सत्ता से बाहर हुआ उसकी वापसी नहीं हुई है। पं. बंगाल की जनता ने उसे फिर मौका नहीं दिया है। ममता की टीएमसी सत्ता से बाहर हो गई है तो यह धारणा बनना स्वाभाविक है कि ममता की टीएमसी अब सत्ता में वापस नहीं आने वाली है। इसके अलावा ममता और उसके भांजे अभिषेक ने पंद्रह साल जिस तरह से पार्टी चलाई है, उसे लेकर पार्टी के नेताओं में असंतोष होना स्वाभाविक है, अब जब पार्टी चुनाव हार गई है और सत्ता के बिना ममता व अभिषेक कमजोर हो गए हैं तो टीएमसी के ममता अभिषेक से नाराज नेताओं को मौका मिला है अपनी ताकत दिखाने का। यानी पार्टी पर कब्जा करने का। सत्ता के लिए और पार्टी में कब्जा करने के लिए ऐसी लड़ाई तो होती रहती है। जिसके पास ज्यादा विधायक होते हैं, वह पार्टी पर कब्जा कर लेता है। महाराष्ट्र में ऐसा हो चुका है। वहीं भी परिवारवादी पार्टी होने के कारण शिवसेना टूटी और पं.बंगाल में भी टीएमसी टूटती है तो परिवारवादी पार्टी होने के कारण टूटेगी। पं.बंगाल में दो गुट बन गए हैं एक गुट ममता का है और एक गुट ऋतव्रत बैनर्जी का है। पं. बंगाल में टीएमसी के 80 विधायक जीते हैं। हाल ही में ममता ने सरकार के खिलाफ धरना दिया तो उनके साथ पांच विधायक व तीन सांसद धरने पर बैठे थे, इससे साफ हो गया है कि ममता के खिलाफ पार्टी में बगावत शुरू हो गई है वह ममता व अभिषेक को हटाकर पार्टी पर खुद कब्जा करना चाहते हैं। असली टीएमसी वही मानी जाएगी जिसके पास 52 विधायक होंगे। बताया जाता है कि बागी गुट के साथ तो 54 विधायक हैं और वह विधानसभा अध्यक्ष उनकी पार्टी को ही असली टीएमसी माना है। ममता ने टीएमसी का गठन पं.बंगाल कांग्रेस को तोड़कर किया था। आज फिर वही इतिहास पं.बंगाल में टीएमसी में दोहराया जा रहा है। ममता ने तो कांग्रेस को तोड़कर टीएमसी बनाया था, टीएमसी के नेता तो टीएमसी को तोड़कर असली टीएमसी बनाना चाहते हैं। कहा जाता है कि जो जैसा करता है एक दिन उसके साथ भी वैसा ही होता है। ममता के साथ वैसा ही हो रहा है, जैसा उसने कांग्रेस के साथ किया था। कहते हैं कि तानाशाही की उम्र ज्यादा नहीं होती है। ममता ने टीएमसी का गठन 1998 में किया था यानी मात्र 28 साल में ममता की पार्टी के टूटने की नौबत आ गई है तो तानाशाही के कारण। कांग्रेस तानाशाही के कारण टूटती रही है, शिवसेना तानाशाही के कारण टूटी है। जहां तानाशाही होती है वहां कोई एकनाथ शिंदे भी होता है, वहां ऋतव्रत बैनर्जी भी होता है और वही नेता को सबक सिखाता है। उध्दव न महाराष्ट्र मं अपने नेताओं के साथ जो किया,वही ममता ने पं.बंगाल में किया।वह सोचते रहे कि उनको कोई चुनौती नहीं दे सकता। लेकिन वक्त आया तो उन्हीं के नेताओं में से एक ने चुनौती दी है। महाराष्ट्र में उध्दव को वहम हो गया था कि वह महाराष्ट्र की राजनीति में निर्णायक ताकत हो गए हैं, भाजपा ने उनको बताया कि आपको गलतफहमी है। अब पं. बंगाल में ममता को गलतफहमी हो गई थी कि पं. बंगाल की राजनीति में उनका कोई मुकाबला नहीं है, वह अपराजेय हैं, भाजपा ने उनको हरा कर बता दिया है कि यह उनका वहम था, पं.बंगाल में टीएमसी टूटती है तो ममता का यह वहम भी टूट जाएगा कि वही सबसे शक्तिशाली नेता हैं। शक्ति के उपयोग से नेता बड़ा बनता है और दुरुपयोग से वह छोटा हो जाता है। इसे जो समझ जाता है, वही बड़ा नेता बनता है।

**6 जून विश्व कीट जागरूकता दिवस**

# छोटे जीव, बड़ा संकट

**सुनील कुमार महला**

कीट प्रकृति के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मधुमक्खियाँ, तितलियाँ और अनेक



अन्य कीट परागण, जैविक अपघटन तथा खाद्य श्रृंखला को बनाए रखने में सहायक होते हैं। किंतु सभी कीट लाभदायक नहीं होते। मच्छर, दीमक, टिड्डी, फल मक्खी और विभिन्न फसल-हानिकारक कीट मानव स्वास्थ्य, कृषि उत्पादन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुँचा सकते हैं। इसलिए कीटों का अंधाधुंध विनाश नहीं, बल्कि वैज्ञानिक एवं संतुलित कीट प्रबंधन आवश्यक है, ताकि लाभदायक कीटों का संरक्षण हो और हानिकारक कीटों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। कीटों जैसे मच्छर, चूहे, दीमक और कॉकरोच आदि से होने वाले स्वास्थ्य, कृषि एवं संपत्ति संबंधी नुकसान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष 6 जून को विश्व कीट जागरूकता दिवस (वर्ल्ड पेस्ट डे) मनाया जाता है। यह दिवस लोगों को हानिकारक कीटों से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों, फसलों के नुकसान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करता है। मलेरिया, डेंगू, जीका वायरस, प्लेग, चिकनगुनिया, वेस्ट नाइल वायरस और लाइम रोग जैसी अनेक बीमारियाँ कीटों तथा रोडेंट्स (चूहों) के माध्यम से फैलती हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि कीट-पतंगे और अन्य हानिकारक जीव आकार में भले ही छोटे दिखाई देते हों, लेकिन मानव स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था को वे अत्यंत गंभीर नुकसान पहुँचाते हैं। दुनिया की 5 अरब से अधिक आबादी वेक्टर-जनित अर्थात कीटों से फैलने वाली बीमारियों के खतरे में जीवन व्यतीत करती है। मच्छरों, मक्खियों, चूहों और अन्य वाहक जीवों से फैलने वाली बीमारियों के कारण हर वर्ष विश्वभर में 7 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हो जाती है। भंडारण के दौरान वैश्विक स्तर पर लगभग 8 से 10 प्रतिशत अनाज कीटों के कारण नष्ट हो जाता है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार कीट और रोग विश्व की लगभग 40 प्रतिशत फसलों को नुकसान पहुँचाते हैं। टिड्डी, तना छेदक, माहू, फल मक्खी और सफेद मक्खी जैसे कीट कृषि उत्पादन में भारी कमी लाते हैं। बहरहाल, यदि हम यहां पर भारत की बात करें तो देश में कीट एवं अन्य कृषि पेस्ट हर वर्ष लगभग एक लाख करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति पहुँचाते हैं तथा इनके कारण फसलों का लगभग 15 से 25 प्रतिशत हिस्सा नष्ट हो जाता है। यही कारण है कि कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा के लिए प्रभावी कीट प्रबंधन अत्यंत आवश्यक माना जाता है। आज ग्लोबल वार्मिंग और बदलते मौसम के कारण कीटों की संख्या तथा उनका जीवनकाल बढ़ रहा है। पहले जो कीट ठंडी सर्दियों में नष्ट हो जाते थे, वे अब गर्म होते पर्यावरण के कारण अधिक समय तक जीवित रह रहे हैं। बढ़ते तापमान के कारण कीट तेजी से प्रजनन कर रहे हैं और नए क्षेत्रों में फैल रहे हैं। अनुमान है कि यदि वैश्विक तापमान लगभग 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो गेहूँ में कीटों से होने वाली हानि लगभग 46 प्रतिशत, मक्का में 31 प्रतिशत तथा चावल में 19 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। पाठकों को बताता चलूं कि विश्व में कीटों की ज्ञात प्रजातियों की संख्या लगभग 10 लाख (1 मिलियन) है, जबकि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक मानी जाती है। सभी कीट हानिकारक नहीं होते। मधुमक्खियाँ, तितलियाँ और अनेक अन्य कीट परागण, जैव-विविधता तथा पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए कीट नियंत्रण का अर्थ सभी कीटों का विनाश नहीं, बल्कि हानिकारक प्रजातियों का वैज्ञानिक नियंत्रण है। आज कीट नियंत्रण केवल रासायनिक दवाओं या जहर के छिड़काव तक सीमित नहीं है। आधुनिक कीट प्रबंधन में डेटा-संचालित तकनीकों, जैविक नियंत्रण, निगरानी प्रणालियों और पर्यावरण-अनुकूल उपायों पर जोर दिया जा रहा है, ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। कीट नियंत्रण सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा से जुड़ा है, क्योंकि कीट खेतों में खड़ी फसलों और गोदामों में रखे अनाज दोनों को नुकसान पहुँचाते हैं। इतना ही नहीं, बाढ़, भूकंप, चक्रवात और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के बाद कीटों तथा रोग फैलाने वाले जीवों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे महामारी फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए आपदा प्रबंधन में भी कीट नियंत्रण एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। वहीं दीमक और अन्य लकड़ी खाने वाले कीट घरों, इमारतों और अन्य संरचनाओं को भीतर से खोखला कर देते हैं, जिससे हर वर्ष अरबों रुपये की संपत्ति का नुकसान होता है। हानिकारक कीटों पर नियंत्रण से केवल स्वास्थ्य और कृषि ही नहीं, बल्कि संपत्ति की भी सुरक्षा होती है। यह दिवस उन पेस्ट कंट्रोल प्रोफेशनल्स के कार्यों की सराहना करने का भी अवसर है, जो हमारी सेहत, खाद्य सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए पर्दे के पीछे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गौरतलब है कि विश्व कीट जागरूकता दिवस की शुरुआत 6 जून 2017 को बीजिंग में चाइनीज पेस्ट कंट्रोल एसोसिएशन (सीपीसीए) द्वारा की गई थी। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाने के लिए फेडरेशन ऑफ एशियन एंड ओशिनिया पेस्ट मैनेजर्स एसोसिएशन, नेशनल पेस्ट मैनेजमेंट एसोसिएशन (अमेरिका) तथा कन्फेडरेशन ऑफ यूरोपियन पेस्ट मैनेजमेंट एसोसिएशंस ने सह-प्रायोजित किया।

बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि हर साल इस दिवस की एक थीम रखी जाती है और वर्ष 2025 की थीम थी-'स्वास्थ्य के रक्षकः एक सुरक्षित दुनिया के लिए व्यावसायिक कीट प्रबंधन', जिसका उद्देश्य यह बताना था कि पेस्ट कंट्रोल कर्मी किस प्रकार समाज को बीमारियों से सुरक्षित रखने में अग्रिम पंक्ति की भूमिका निभाते हैं। वहीं वर्ष 2026 की थीम-'सरहदों के पार स्वास्थ्य की रक्षाः कीट प्रबंधन की वैश्विक शक्ति' रखी गई है। यह वर्ष इस दिवस की 10वीं वर्षगांठ का भी प्रतीक है, जिसकी टैगलाइन है-' यूनाइटेड अराउंड द वर्ल्ड।' वास्तव में, यह थीम इस बात पर जोर देती है कि वैश्वीकरण के दौर में कीट और उनसे जुड़ी समस्याएँ सीमाओं में बंधी नहीं हैं, इसलिए इनके नियंत्रण के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है। अंत में निष्कर्ष के तौर पर यही कहूंगा कि कीट कृषि उत्पादन, मानव स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, संपत्ति और अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डालते हैं। हानिकारक कीटों पर नियंत्रण पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।सरल शब्दों में कहें तो हानिकारक कीटों को नियंत्रित करना उचित और आवश्यक है, लेकिन यह कार्य वैज्ञानिक, संतुलित और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से होना चाहिए, ताकि लाभदायक कीटों और प्रकृति को अनावश्यक नुकसान न पहुंचे। यह भी कहा जा सकता है कि हानिकारक कीटों को मारना तभी उचित माना जाता है जब वे मानव स्वास्थ्य, कृषि उत्पादन, खाद्य सुरक्षा या संपत्ति के लिए गंभीर खतरा बन रहे हों। इसका उद्देश्य प्रकृति का विनाश नहीं, बल्कि मनुष्य और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना है।इस संदर्भ में आधुनिक दृष्टिकोण समेकित कीट प्रबंधन का है, जिसमें जैविक, यांत्रिक और पर्यावरण-अनुकूल उपायों को प्राथमिकता दी जाती है तथा रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग आवश्यकता पड़ने पर ही किया जाता है।इन सबके बीच लाभदायक कीटों का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसलिए जागरूकता, स्वच्छता और वैज्ञानिक कीट प्रबंधन ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आप स्वस्थ और ऊर्जावान रहेंगे। व्यापार से रिलेटेड नई योजनाएं बना सकते हैं, जिससे आपकी आय के स्रोत खुलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा। निवेश करने के लिए अच्छा समय है। यात्रा पर जाने के योग हैं। आप अपनी पत्नी तथा बच्चों के साथ किसी मनपसंद जगह पर घूमने जाएंगे, जिससे आपकी उलझनें दूर होंगी।

वृष राशिः वृष राशि वालों आपके लिए आज का दिन खुशनुमा रहेगा। आज आपको कुछ नये लोगों से मिलने का अवसर मिलेगा। आपको नया प्रोजेक्ट मिलने के योग हैं। जिससे आपके प्रगति के रास्ते खुलेंगे। आपके व्यवसाय में बेहतर बदलाव होने की संभावना है, जो आपके आर्थिक स्तर को बेहतर बनाएगा। आज आप बहुत आनंदित रहेंगे। पारिवारिक दृष्टि से आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको माता-पिता से सहयोग मिलेगा।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन लकी रहेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस दौरान आप केवल भाग्य के भरोसे न बैठकर बल्कि अच्छी मेहनत करेंगे। नौकरी में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। कहीं की मनोरंजक यात्रा होने की संभावना है। आपका मन आज धार्मिक क्रिया-कलापों में भी खूब लगेगा। पारिवारिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। आपके व्यवसाय में लाभ मिलेगा। आय के साधन बढ़ेंगे। व्यापार से जुड़ी यात्रा फायदेमंद रहेगी। इस दौरान आप किसी से अपने व्यापार संबंधी सीक्रेट शेयर करने से बचें। अन्यथा दूसरा फायदा उठा सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको जल्द ही नया प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका हर काम सफलता पूर्वक संपन्न होगा। व्यावसायिक योजनाएं पूरी होंगी। कार्यस्थल पर आज ज्यादा काम होने की संभावना है, पर आप मेहनत और लगन से समय पर पूरा कर लेंगे और सहकर्मियों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। घर में शुभ कार्य संपन्न होगा। आज जरूरत से ज्यादा किसी की बात का जवाब देने से बचे।

कन्या राशिःकन्या राशि वालों आज आपका दिन लकी रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा, जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा और आप दोनों के बीच आपसी रिश्ते और अच्छे होंगे। आप दोनों की रुचि धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़ेगी। नई नौकरी मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में मेहनत के बल पर सफलता हासिल कर लेंगे। व्यापारी वर्ग को बड़े लाभ के योग हैं। नये साधनों से आय में वृद्धि होगी। जो अविवाहित हैं उनका विवाह तय हो सकता है।

तुला राशिःतुला राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके द्वारा बनाई गई योजना कारगर साबित होगी। अच्छा धन अर्जित करने में सफल होंगे। किसी तरह का निवेश करने से पहले अपने बड़ों से सलाह अवश्य लेंगे। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने वाले जातक अपने टीम के सदस्यों के साथ तालमेल बिठाने में धैर्य से काम लें तो अच्छे परिणाम मिलेंगे। किसी प्रोजेक्ट पर साथ काम करने से अच्छा अनुभव भी होगा।

वृश्चिक राशिःवृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में चीजें आपके अनुकूल रहेंगी। घर में किसी नए मेहमान के आने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में बड़े सुधार के योग हैं। डिज़ाइनर्स को आज बड़ा लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आप नई बाइक लेने का विचार अपने सहयोगियों के साथ करेंगे।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। आप अपने किसी क्लाइंट से वीडियो कॉल करके मीटिंग करेंगे। इस राशि के लोगों को आज के दिन कम्प्यूटर से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है। आज आपका रिश्तेदार आपके लिए उपहार लेकर आयेगा। आज संतान पक्ष से आपको सुखद समाचार मिल सकता है। परिवार में उत्साह से भरा माहौल रहेगा।

मकर राशिः मकर राशि वालों आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके व्यवसाय में विस्तार के साथ आय के स्रोत विकसित होंगे। मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाले छात्रों को आज नई खबर मिल सकती है। जिससे उनका मनोबल ऊंचा होगा और आगे की पढ़ाई में सहयोग मिलेगा। आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग की भावना रहेगी। सेहत संबंधी समस्या है तो उससे छुटकारा मिलेगा।

कुम्भ राशिःकुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ आपका अच्छा बर्ताव आपकी सफलता में सहायक होगा। पदोन्नति के योग बनेंगे। आज आप स्वयं को ऊर्जावान महसूस करेंगे। साझेदारी में व्यापार करने वालों को सफलता मिलेगी। निवेश से लाभ के योग बन रहे हैं। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लेखन से जुड़े लोगों को शुभ समाचार मिल सकता है।

मीन राशिःमीन राशि वालों आपके लिए दिन खास रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आप अपने अनुभव से अच्छी सफलता हासिल करेंगे। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। पदोन्नति के योग बनेंगे। संगीत की शिक्षा ले रहे छात्रों को नये अवसर मिलेंगे। आपको कहीं अपनी कला प्रदर्शन का मौका मिल सकता है। आज आपको जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा, परिवार के साथ कहीं यात्रा का प्लान भी बन सकता है। आज आप किसी सामाजिक उत्सव में भाग लेंगे। आप वहां कुछ नए लोगों से भी मिलेंगे। भागदौड़ से थकान हो सकती है।

## सू- दोकू क्र. 060

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.059 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -060


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 059 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

# बढ़ते तापमान से जीव सृष्टि अलर्ट मोड पर

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

जीव सृष्टि के लिए केवल एकमात्र आधार पेड़ है, पेड़ खत्म मतलब पृथ्वी से जीवन समाप्त। प्रकृति का एकदम सरल नियम है कि, पेड़ हमें बचाते है, हमें उन्हें बचाना हैं।



अगर हम प्रकृति की रक्षा में लिए 1 प्रतिशत भी योगदान देते है तो उसके तुलना में प्रकृति 100 प्रतिशत समृद्धि हमें लौटाती हैं। कोरोना काल में हम सबने देखा की, जब प्रकृति में मानवीय हस्तक्षेप थम गया था, तब प्रकृति तेजी से अपनेआप को समृद्ध कर रही थी। आज विडंबना है कि, जो निस्वार्थ समृद्ध पेड़ दशकों तक माँ की तरह हमें अपने आँचल की छांव में धूप से बचाता था, फल-फूल देता था, पंछियों का रैनबसेरा हुआ करता था, बरसात में भूमि के कटाव को रोकता था, मनुष्य के लिए जहरीली कार्बनडाय ऑक्साइड को खुद अवशोषित करके प्राणवायु ऑक्सीज़न हमें देता था। वातावरण में नमी और तापमान को नियंत्रित कर प्राकृतिक स्त्रोतों को समृद्ध बनाने में मुख्य भूमिका निभाता था। आज उसी पेड़ को काटने पर लोगों को जरा भी दुःख नहीं होता, जबकि हमारे पुरे जीवन और स्वास्थ्य पर इसका गंभीर परिणाम हो रहा है, क्या हम इतने गिरे हुए स्वार्थी लोग है कि, जो हमें जीवन देगा उसकी जान हम ही लेंगे। आज प्रकृति में बदलते वातावरण की चोट हम सबको झेलनी पड़ रही है, स्वार्थी लोगों की गलत नीतियों ने संपूर्ण पर्यावरण में जहर घोल दिया हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन और जंगल कटाई ने पृथ्वी पर तापमान बढ़ाया है, जिसके कारण प्राकृतिक आपदाओं और बीमारियों में बेतहाशा वृद्धि हो रही हैं। प्रदूषण लगातार बढ़ रहा, सड़के आग की भट्टी की तरह महसूस हो रही है और भूजल स्तर तेजी से गिर रहा हैं। खाद्यान्नों में लगातार बढ़ती घातक रासायनिक समृद्धता लोगों को मौत के मुंहाने पर धकेल रही हैं। एक दशक पहले तक जब धूप में घूमते थे, बच्चे धूप में खेलते थे, तो सिर्फ गर्मी महसूस होती थी, खेलते-खेलते किसी पेड़ के छांव में भी बैठ जाएं तो बड़ी ठंडक महसूस होती थी। लेकिन अब तो यह धूप जहरीली हो चुकी है, शरीर को तपाने के साथ उबालती, बीमार भी करती हैं। शहरों के कॉन्क्रीट के जंगल में घने छायादार वृक्ष का दिखना भी दुर्लभ होता जा रहा हैं।

लू से मरनेवालों की संख्या साल दर साल बढ़ती ही जा रही है, सबसे ज़्यादा असर गरीबों, बुजुर्गों, बच्चों और अनौपचारिक क्षेत्र के मज़दूरों पर पड़ता है, क्योंकि जीवन यापन के लिए उनका संघर्ष अत्यधिक कष्टदायक होता हैं। सीईईडब्ल्यू के अनुसार, निर्माणकार्य मज़दूरों, गिग वर्कर्स और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों जैसे कमज़ोर तबकों को गर्मी के तनाव का सबसे ज़्यादा सामना करना पड़ता हैं। गरीबों को इस गर्मी में भी दो वक्त की रोटी के लिए जद्दोजहत करने पर मजबूर होना पड़ता है, उनकी आमदनी और उत्पादकता दोनों गिरती हैं। गर्मी के कारण 2030 तक जीडीपी में 4.5 प्रतिशत तक की संभावित गिरावट आ सकती है, गर्मी के कारण फसलों को नुकसान और खाद्य सुरक्षा को खतरा हो सकता हैं। 'द लैंसेट' में 2024 में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, लू के दौरान काम करने की क्षमता कम होने से हर साल लगभग 194 अरब डॉलर की आमदनी का नुकसान होता है, इस सदी के आखिर तक पूरे भारत में गर्मियों में चलने वाली लू की घटनाएं 300 से 400 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। गर्मियों में भूजल का स्तर लगातार नीचे गिरने के कारण बहुत से ग्रामीणों और दूर-दराज क्षेत्र के रहवासियों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है, अनेक बार सोशल मीडिया पर इससे संबंधित वीडियो वायरल होते है, जिसमे हम देखते है कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक थोडेसे पानी के लिए रोजाना कई किलोमीटर दूर तक पैदल चलते है, जान जोखिम में डालकर 50-60 फीट नीचे गहरे



गड्ढे में उतरकर दूषित जल पिने के लिए बर्तनों में भरते हैं। जीवनावश्यक जल के लिए ऐसा संघर्ष, मजबूरी देखकर बहुत दुःख होता हैं। प्रकृति ने हर एक के लिए शुद्ध जल, हवा, पोषक खाद्य की सुविधा की है, परंतु प्रकृति का संतुलन बिगाड़कर स्वार्थी मनुष्य ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा पैदा किया हैं। लोगों के ये हाल है तो, इस बढ़ते तापमान में जंगलों में बेजुबान वन्य पशुओं के कितने बुरे हालात होते होंगे। भौगोलिक रूप से हमारा देश उष्ण माना जाता है, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ने से वातावरण में गर्मी बढ़ी है, इससे मूल तापमान लगातार बढ़ता जाता है, प्राकृतिक हरियाली और प्राकृतिक ठंडक देने वाले संसाधन तेजी से खत्म हो रहे हैं। तेज़ी से फैलते शहर प्राकृतिक नज़ारों की जगह कंक्रीट और काँच की इमारतें खड़ी हुयी, ये दिन में गर्मी सोखकर रात में धीरे-धीरे उसे बाहर निकालती हैं, जिससे सूरज डूबने के बाद भी शहरों का तापमान कम नहीं हो पाता। विकास के लिए शहरों के आसपास के सभी गांवों से उपजाऊ भूमि और खेती पर इमारतें बन रही हैं। यूनाइटेड नेशंस के फ़ूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइज़ेशन के अनुसार, दुनिया भर में हर साल लगभग 10 मिलियन हेक्टेयर जंगल खत्म हो जाते है, यह हर 12 महीने में आइसलैंड या पुर्तगाल के बराबर एरिया को साफ़ करने के बराबर हैं। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार, भारत में हर साल खेती, वनों की कटाई और बुनियादी ढांचे का विकास की वजह से 1,00,000 हेक्टेयर से ज़्यादा प्राकृतिक जंगल और वृक्ष आवरण खत्म हो जाता हैं। मिनिस्ट्री ऑफ़ एनवायरनमेंट, फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज के अनुसार, विकास प्रोजेक्ट्स के लिए सरकार की इजाज़त से हर साल लगभग 20 से 30 लाख पेड़ काटे जाते हैं।

1990 और 2000 के बीच भारत में 384,000 हेक्टेयर जंगल कम हुए, लेकिन 2015 और 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668,400 हेक्टेयर हो गया। यूनाइटेड किंगडम की एक वेबसाइट, यूटिलिटी बिडर, जो एनर्जी और यूटिलिटी कॉस्ट की तुलना करती है, की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले में भारत ब्राज़ील के बाद दूसरे नंबर पर है, जहाँ इन सालों में औसतन 668,400 हेक्टेयर जंगल काटे गए। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि जहाँ ब्राज़ील ने 2015 और 2020 के बीच 2,559,100 हेक्टेयर और इंडोनेशिया ने इसी समय में 1,876,000 हेक्टेयर जंगल काटे, वहीं भारत के आंकड़े काफी बढ़ गए है, 'डाउन टू अर्थ' ने भी यह खबर प्रकाशित की थी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बॉम्बे और डीम्ड यूनिवर्सिटी सस्त्रा के अनुसंधानकर्ताओं की एक नये अध्ययन से पता चला है कि 2015 और 2019 के बीच भारत के जंगल वनक्षेत्र में काफ़ी गिरावट आयी हैं। इन वर्षों में भारत में 18 वर्ग किलोमीटर जंगल वनक्षेत्र खत्म हुआ, जबकि इसके मुकाबले केवल 1 वर्ग किलोमीटर बढ़ा। यह बेहद चिंताजनक रेश्यो है जो भारत के वन पारिस्थितिकी तंत्र में गंभीर 'विखंडन संकट' को दिखाता हैं। जबकि भारत सरकार के प्रमुख नोडल एजेंसी प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के अनुसार, भारत नेट सालाना वन क्षेत्र लाभ के मामले में दुनिया भर में तीसरा स्थान बनाए हुए है। वन हानि की वार्षिक दर 10.7 मिलियन हेक्टेयर (1990–2000) से गिरकर 4.12 मिलियन हेक्टेयर (2015–2025) हो गई।

हमसे अच्छे तो जंगली जीव है, जो अपने प्राकृतिक अधिवास को बचाने और उन्हें समृद्ध बनाने में प्रकृति की सही मायने में रक्षा करते हैं। पेड़ों से जंगल समृद्ध होते है, जंगल से शुद्ध पानी के स्त्रोत समृद्ध, शुद्ध प्राणवायु समृद्ध, तापमान नियत्रण, जंगल में वन्यजीव समृद्ध, जीवों में खाद्यश्रृंखला सुचारु रूप में चलती है, वन्यजीवों और मानवीय संघर्ष में कमी होती है, प्रदुषण में कमी आती है, बीमारियां कम होकर मानवीय स्वास्थ्य मजबूत होता हैं। ऋतुओं का चक्र तय समय पर ठीक ढंग से कार्यान्वित होता है, फसलें लहलहाती है, प्राकृतिक आपदाओं में कमी आती है, प्रत्येक नागरिक तक खाद्य सुरक्षा की नींव मजबूत बनाने में सहयोग मिलता हैं। मानवीय जरूरतों की योग्य मात्रा में पूर्ति होती है, अमीरी-गरीबी के बीच की खाई पाटने में मदद मिलती हैं। महंगाई नियंत्रण में लाने में सहायता मिलती है और तब देश खुशहाल और सही मायने में विकसित होता हैं।

# पार्षद उपचुनाव में कांग्रेस ने 436 मतों के अंतर से भाजपा को दी करारी शिकस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 5 जून।** नगर पालिका निगम जगदलपुर के इंदिरा वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद उपचुनाव में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा को करारी शिकस्त दी है। कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 436 मतों के अंतर से पराजित कर जीत दर्ज कर लिया है। आज गुरूवार को हुई मतगणना के परिणाम के अनुसार कुल मतों की संख्या 1542 थी। बूथ क्रमांक 37 में कांग्रेस प्रत्याशी को 483 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा को 157 मत मिले। आम आदमी पार्टी को 18 मत तथा 5 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। इसी प्रकार बूथ क्रमांक 38 में कांग्रेस को 331 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा के पक्ष में 221 मत पड़े। आम आदमी पार्टी को 4 मत तथा 4 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया। दोनों बूथों के परिणामों को मिलाकर कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने कुल 814 मत प्राप्त किए, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 378 मत मिले। इस प्रकार कांग्रेस ने 436 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल कर लिया है।

कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही दलों की प्रतिष्ठा इस पार्षद चुनाव के दौरान लगी थी। एक ओर जहां जगदलपुर के पूर्व विधायक रेखचंद जैन इस वार्ड के निवासी है। तो दूसरी ओर वर्तमान भाजपा विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का यह विधानसभा क्षेत्र है। वहीं महापौर संजय पांडे भी भाजपा के होने के बावजूद कांग्रेस के गढ़ को जीतने में भाजपा विफ्ल रही। खास बात यह है कि इंदिरा वार्ड कांग्रेस का गढ़ रहा है, पिछले 30 सालों से वार्ड में कांग्रेस का कब्जा रहा है। इस बार फ्रि कांग्रेस ने जीत दर्ज कर इतिहास दोहराया है। दरअसल यह सीट कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद रहे अब्दुल रशीद के निधन के बाद खाली हुई थी। अब्दुल रशीद लगातार चार बार पार्षद चुने गए थे। इससे पहले उनकी मां भी दो बार इस वार्ड का प्रतिनिधित्व कर चुकी थीं। इंदिरा वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने जीत दर्ज करने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में उन्होंने वार्ड की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब्दुल रशीद की मौत के बाद से मैं पूरे वार्ड का काम कर रहा था। उसी का परिणाम है, कि मुझे जनता का आशीर्वाद मिला। इसके अलावा कांग्रेस संगठन का भी पूरा सहयोग मिला। नगर पालिका निगम जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय ने कहा कि जनता का जनादेश स्वीकार है। भाजपा को जीत की उम्मीद थी, लेकिन कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति सफ्ल रही। कांग्रेस ने वार्ड को बाहरी प्रत्याशी और भीतरी प्रत्याशी में तब्दील किया। इस हार की पार्टी स्तर पर समीक्षा की जायेगी।

## एक नजर

### फ्ररार आरोपियों ने 3 दिन में नहीं दी गिरफ्तारी तो होगी संपत्ति कुर्क

**बीजापुर 5 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर पुलिस ने बहुचर्चित शिक्षक राजू पुजारी आत्महत्या प्रकरण में आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। अब तक फ्ररार चल रहे दो आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने अंतिम 3 दिवस का अल्टीमेटम दिया है। उक्त अवधि में गिरफ्तारी नहीं दी जाती है तो आरोपियों की चल अचल संपत्ति कुर्क करने की तैयारी जोरों पर है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी में पुख्ता सूचना देने पर ?10 हजार का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस जांच के अनुसार मृतक शिक्षक राजू पुजारी के पास से मिले सुसाइड नोट में कुछ लोगों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। जांच के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, जबकि सब इंजीनियर शैलेष वासम और समग्र शिक्षा विभाग के सहायक परियोजना समन्वयक छवितेश डोंगरे अभी भी फ्ररार बताए जा रहे फ्ररार आरोपी शैलेष वासम के खिलाफ कोतवाली थाना बीजापुर ने नोटिस जारी कर निर्धारित अवधि के भीतर थाने में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि उपस्थित नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई के तहत संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है।

### कार-बोलेरो की आमने-सामने भिड़ंत में पांच घायल



**बीजापुर 5 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ग्राम चपका के पास दो वाहनों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें 112 नंबर की मदद से भानपुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। भानपुरी थाना प्रभारी हर्ष धुरंधर ने बताया कि कार सवार रायपुर से आंध्रप्रदेश की ओर किसी काम से जा रहे थे। वहीं, बोलेरो चालक जगदलपुर से फ्ररसागुड़ा की तरफआ रहा था। जैसे ही दोनों वाहन ग्राम चपका के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस भिड़ंत में कार और बोलेरो में सवार कुल पांच लोगों को गंभीर चोटें आई है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और भानपुरी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सड़क के बीचों-बीच खड़ी क्षतिग्रस्त गाड़ियों को तत्काल किनारे हटाया गया। घटना के बाद सभी पांच घायलों की स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। उन्हें भानपुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर उपचार प्रदान किया जा रहा है।

### बस्तर के किसान दिनेश को भाया नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का विकल्प

**जगदलपुर, 5 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक नवाचारों ने कृषि क्षेत्र की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है, पारंपरिक बोरी वाले उर्वरक को छोड़कर किसान अब नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसी आधुनिक तकनीक को अपना रहे हैं। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान दिनेश पाणीग्राही का अनुभव इस बात को दर्शाता है, कि नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी न सिर्फ फ्सलों का उत्पादन बढ़ा रहा है, बल्कि किसानों की जेब और मेहनत दोनों को बचा रहा है और एक बेहतर विकल्प बन गया है। दिनेश पाणीग्राही ने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग से जुड़े अपने बेहतरीन अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि वह पिछले दो-तीन वर्षों से इस उत्पाद का उपयोग कर रहे हैं। पहले जहां एक एकड़ में डेढ़ से एक बोरी यूरिया और दो बोरी दानेदार डीएपी की खपत होती थी, वहीं अब उसकी जगह एक छोटी सी बोतल नैनो यूरिया तथा एक बोतल नैनो डीएपी ने ले लिया है। दिनेश का कहना है कि पहले भारी-भरकम खाद की बोरियों को समिति से घर और घर से खेत तक ले जाना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब यह काम इतना आसान हो गया है कि पूरी खाद एक छोटे से झोले में आ जाती है।

# दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में घोर अव्यवस्था स्ट्रेचर पर मरीज, सिस्टम पर सवाल

- टेंडर और वार्ड बॉय नदारद, मरीजों के परिजन खुद धकेल रहे स्ट्रेचर
- करोड़ों के डीएमएफऔर सीएसआर फंड के बावजूद बुनियादी सुविधाओं का अभाव
- निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति, मरीजों के साथ दुर्व्यवहार के आरोप
- कागजों में चमकता स्वास्थ्य विभाग, जमीन पर दम तोड़ती व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता/ विस्वजीत सरकार



**दंतेवाड़ा 5 जून।** जिला अस्पताल एक बार फ्रि अपनी बदहाल और लाचार स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में है। अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीजों को सुविधाएं मिलने के बजाय अपमान, अव्यवस्था और लापरवाही का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर पर लिटाकर उनके परिजन खुद अस्पताल के गलियारों में धकेलते नजर आ रहे हैं, लेकिन व्यवस्था संभालने वाला कोई जिम्मेदार कर्मचारी दिखाई नहीं देता।

अस्पताल के मुख्य गेट से लेकर वार्ड तक मरीजों को पहुंचाने के लिए न तो पर्याप्त अटेंडर मौजूद हैं और न ही वार्ड बॉय। एम्बुलेंस से मरीज उतारने के बाद परिवार वाले ही उसे स्ट्रेचर पर डालकर जांच कक्ष, एक्स-रे, वार्ड और अन्य विभागों तक ले जाने को मजबूर हैं। कई बार बुजुर्ग महिलाएं और छोटे बच्चे तक मरीजों को संभालते दिखाई देते हैं।

**इलाज से पहले संघर्ष:** जिला अस्पताल में भर्ती होने के बाद भी मरीजों की परेशानी कम नहीं होती। जांच या उपचार के लिए एक विभाग से दूसरे विभाग तक ले जाने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। मरीज के परिजन ही वार्ड बॉय की भूमिका निभाने को विवश हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि अस्पताल प्रशासन मरीजों की मूलभूत जरूरतों तक को पूरा करने में विफ्ल साबित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के साथ कई बार दुर्व्यवहार तक किया जाता है। शिकायत करने पर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के बजाय मामले को दबाने में ज्यादा रुचि दिखाते हैं।

**सरकार हर चुनाव में बेहतर सुविधा का दावा करती है:** सरकार हर चुनाव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन दंतेवाड़ा जिला अस्पताल की तस्वीर उन दावों की पोल खोलती नजर आती है। एक महीने पहले उप स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों और ओआरएस की कमी का मामला सामने आया था, अब जिला अस्पताल में भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव उजागर हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि हर एक-दो महीने में वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण की खबरें सामने आती हैं, लेकिन अस्पताल की व्यवस्था में कोई सुधार दिखाई नहीं देता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निरीक्षण सिर्फफोटो खिंचवाने और फ्इलों में रिपोर्ट चढ़ाने तक सीमित होकर रह गया है।

**डीएमएफ और सीएसआर का पैसा आखिर जा कहां रहा?** -दंतेवाड़ा जिला खनिज संपदा से भरपूर जिला माना जाता है। यहां डीएमएफ और सीएसआर मद से करोड़ों रुपये स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर खर्च किए जाते हैं। बावजूद इसके मरीजों को स्ट्रेचर तक खुद धकेलना पड़े, तो यह सीधे तौर पर प्रशासनिक विफ्लता और फंड के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

जब करोड़ों रुपये खर्च होने के दावे किए जा रहे हैं, तब अस्पताल में अटेंडर, वार्ड बॉय और बुनियादी सुविधाएं तक क्यों उपलब्ध नहीं हैं? आखिर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कब होगी? अब बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस गंभीर अव्यवस्था पर कोई ठोस कार्रवाई करेगा, या फ्रि हर बार की तरह जांच और निरीक्षण सिर्फकागजों तक ही सीमित रह जाएंगे।

> दंतेवाड़ा जिला अस्पताल की स्थिति बेहद चिंताजनक है। मरीजों और उनके परिजनों को जिस तरह परेशान होना पड़ रहा है, वह स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को दर्शाता है।
>
> **मरीज के परिजन निर्मल कर्मकार**
>
> सरकार और प्रशासन को इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।
>
> **अविनाश सरकार, जिला महासचिव दंतेवाड़ा युथ कांग्रेस**

## 11 जून को कड़ी सुरक्षा व नियमों के बीच होंगे प्री-बीएड और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 5 जून।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा गुरुवार 11 जून को प्री-बी एड और बी एससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसके लिए बस्तर जिले के परीक्षार्थियों हेतु जगदलपुर में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्री-बी एड की परीक्षा के लिए 9 केंद्र तय किए गए हैं, जिनमें शासकीय काकतीय पी.जी. कॉलेज धरमपुरा, बाल विहार हायर सेकण्डरी स्कूल, शासकीय दन्तेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल, शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल, सेजेस शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल गीदम रोड, और स्वामी आत्मानंद स्कूल धरमपुरा, अग्रसेन चौक व रेलवे कालोनी शामिल हैं। वहीं बीएससी नर्सिंग की परीक्षा शेष 4 केंद्रों पर होगी, जिनमें शहीद गुण्डाधूर कृषि कॉलेज कुम्हरावण्ड, धरमु माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक धरमपुरा, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पथरागुड़ा और शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल आसना को केंद्र बनाया गया है।

प्रशासन ने निष्पक्ष और कड़ाई से परीक्षा संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं, जिसके तहत सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर तय समय से ढाई घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर से सभी परीक्षार्थियों की सघन जांच की जाएगी और इसके बाद ही वीक्षकों द्वारा प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र का सत्यापन किया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपने साथ इंटरनेट से निकाला गया साफ्सुथरा मूल प्रवेश पत्र और एक वैध पहचान पत्र लाना आवश्यक है, और यदि किसी के प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट न हो, तो उन्हें अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लाने की सलाह दी गई है।

परीक्षा के दौरान कड़े नियमों का पालन करना होगा, जिसमें परीक्षार्थियों को हल्के रंग की हाफ टी-शर्ट या हल्के कपड़े और पैरों में चप्पल पहनकर आना होगा क्योंकि जूता-मोजा पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा कान के आभूषण जैसे बाली या झूमका, घड़ी, पर्स, मोबाइल, बेल्ट, स्कार्फ टोपी, चश्मा, हाथ में बंधे धागे और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण परीक्षा केंद्र में पूरी तरह वर्जित रहेंगे।

इस पूरी परीक्षा के सुचारू और सफ्ल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार वर्मा (मोबाइल नंबर 9406349496) को परीक्षा का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके साथ ही शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव (मोबाइल नंबर 9827491253) समन्वयक के रूप में और इसी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय सिंह ठाकुर (मोबाइल नंबर 70009-74126) सहायक समन्वयक के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। जिला प्रशासन और परीक्षा नियंत्रण बोर्ड ने बस्तर संभाग के सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे और सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए तय किए गए सभी नियमों का कड़ाई से पालन करें।

## विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें : महापौर

**जगदलपुर, 5 जून।** शहर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने महापौर संजय पाण्डे अपनी टीम के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करने निकले। इस दौरान उन्होंने धरमपुरा में लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नालंदा परिसर का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों को कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर जगदलपुर के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। यहां अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा ज्ञानवर्धन से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। महापौर श्री पाण्डे ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दे रही है। धरमपुरा में बन रहा नालंदा परिसर विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराएगा तथा यह परियोजना शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह परिसर युवाओं को अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सहायक बनेगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। महापौर ने निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद महापौर अपने टीम के साथ धरमपुरा पहुंचे। जहाँ पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अमृत योजना के तहत रोड कटिंग कर पाइप जोड़ने एवं तेतरकुटी की टंकी से पानी सप्लाई करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मालूम हो कि निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने महापौर अपने सहयोगियों एवं अधिकारियों के साथ कार्यस्थल पहुंचे थे और मौके पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से पाइपलाइन विस्तार कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

## काष्ठकला शिल्पी लखपति दीदी इंदुमती ने बस्तर की कला को दिलाई नई पहचान

**जगदलपुर, 5 जून।** सुशासन तिहार 2026 के दौरान उलनार में आयोजित समाधान शिविर में बकावंड विकासखंड के ग्राम कोहकापाल की काष्ठकला शिल्पी श्रीमती इंदुमती राणा ने अपनी प्रेरणादायक सफ्लता की कहानी साझा करते हुए बताया कि कैसे मेहनत, कौशल और शासन की योजनाओं के सहयोग से उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की और लखपति दीदी बनने का गौरव प्राप्त किया। इंदुमती ने बताया कि उनके पति वर्षों से काष्ठकला के क्षेत्र में पारंगत शिल्पी हैं। पति की कला और समर्पण से प्रेरित होकर उन्होंने भी इस पारंपरिक शिल्प को सीखना शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने लकड़ी पर बस्तर की पारंपरिक कला को उकेरने में दक्षता हासिल की और इसे अपने रोजगार का माध्यम बना लिया।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत संचालित बिहान समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आर्थिक सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। समूह के माध्यम से मिली सहायता ने उनके कार्य को नई गति दी, जिससे वे अपने उत्पादों का निर्माण बढ़ाने और बाजार तक पहुंच बनाने में सफ्ल रहीं। इंदुमती ने बताया कि उनके द्वारा तैयार किए गए काष्ठकला उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए उन्हें देश के विभिन्न प्रतिष्ठित आयोजनों में भाग लेने का अवसर मिला। उन्होंने दिल्ली, भोपाल और रायपुर में आयोजित शिल्पकला प्रदर्शनियों के साथ-साथ देश के प्रसिद्ध सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में भी अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## परिवहन समितियों से परेशान 150 वाहन मालिक प्रशासन को अपने वाहन सौंपेंगे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 5 जून।** बस्तर जिले के जगदलपुर में स्थित नगरनार प्लांट में परिवहन समितियों की अनियमितता से परिवहन व्यवसायी परेशान हो गये है। परिवहन व्यवसाईयों का कहना है कि एक पाई जोड़कर परिवहन का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए फइनेंस में वाहन खरीदा गया था। अब उस वाहन का क़िस्त पटाने के लिये भी उनके पास कोई विकल्प नही बचा है। इसे लेकर 150 से अधिक वाहन मालिकों ने समितियों से परेशान होकर आज गुरूवार को बैठक कर जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन को पत्र लिखकर अवगत कराया है। बैठक में सभी वाहनों के मालिकों ने 15 दिवस के भीतर सभी अनियमितताओं को ठीक करने की गुहार लगाई है, साथ ही यह निर्णय लिया कि यदि 15 दिवस में व्यवस्था दुरुस्त नही होने पर वाहन मालिक जिला प्रशासन को अपनी वाहन सौंप देंगे।

नगरनार प्लांट से परिवहन हेतु जय झाड़ेश्वर परिवहन समिति, बस्तर परिवहन संघ, बस्तर ट्रेलर & ट्राला संघ, परिवहन का कार्य कर रहीं है। जिसके अंतर्गत अनेको वाहन परिवहन कार्य मे लगे हुए है, लेकिन इन परिवहन समितियों के कार्य प्रणाली के कारण वाहन मालिकों को अब अपनी वाहन चलाने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन सभी विषयों को ले कर 150 से अधिक वाहन मालिकों ने समितियों से परेशान होकर आज गुरूवार को बैठक कर बस्तर सांसद, जगदलपुर विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सहित जिला प्रशासन, को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि (1) पैनल में चल रही वाहनों का संचालन सही ढंग से नही किया जा रहा है। (2) समितियों द्वारा तय निर्धारित दर पर गाडी मालिको को भाड़ा नही दिया जा रहा है। (3) समितियों द्वारा निर्धारित की गई समय सीमा के अंदर वाहन मालिकों को भाड़ा नही दिया जा रहा है। (4) स्थानीय (जिला बस्तर) के लोगो की उपेक्षा कर अन्य जिला, संभाग एवं प्रदेश की गाड़ियों को चैनल में जोड़ा गया है। (5) समितियों द्वारा बाहरी 16 चक्का वाहनों का संचालन किया जा रहा है। (6)सभी 16 चक्का क्षेत्रीय वाहनों का प्लांट में माल लोडिंग के लिए सही तरीको से निर्धारण नही किया जा रहा है।

# आईआईटी की राह आसान बनाते 'छू लो आसमान' के युवा सितारे

- बीजापुर के दो आदिवासी छात्रों ने आईआईटी प्रेपरेटरी कोर्स में बनाई जगह, जिले का बढ़ाया मान
- विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 5 जून।** प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, यह साबित कर दिखाया है बीजापुर जिले के दो होनहार आदिवासी छात्रों अर्जुन हेमला और अजय कुमार हेमला ने। विपरीत परिस्थितियों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद दोनों छात्रों ने प्रतिष्ठित IIT-JEE Advanced परीक्षा में सफ्लता हासिल कर IIT Preparatory Course में प्रवेश सुनिश्चित किया है। उनकी उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बीजापुर जिले के लिए गर्व का विषय है।

जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा संचालित छू लो आसमान कोचिंग सेंटर के शिक्षा सत्र 2025-26 के अंतर्गत इन छात्रों को विशेष मार्गदर्शन और शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया गया। संस्थान ने उनकी क्षमता को पहचानते हुए उन्हें देश की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक IIT-JEE Advanced के लिए तैयार किया।

### बीईओ ने किया सम्मानित

विकासखंड शिक्षा अधिकारी नागेश्वर निषाद ने कहा कि अर्जुन की उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। वहीं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक कोड्रॉ ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद अर्जुन ने अपने दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया।

### अर्जुन का सपना- सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना

गंगालूर निवासी अर्जुन हेमला, पिता भीमा हेमला, ने IIT-JEE Advanced में 68 अंक प्राप्त कर क्क्र्थ्क्स्ज्ञ रैंक 2513 हासिल की। अर्जुन भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर देश की तकनीकी प्रगति में योगदान देना चाहते हैं। वे अपनी सफ्लता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और छू लो आसमान संस्थान को देते हैं।

### अजय बनना चाहते हैं मैकेनिकल इंजीनियर

भैरमगढ़ विकासखंड के मर्रेमरका गांव निवासी अजय कुमार हेमला, पिता सोनकु हेमला, ने 65 अंक प्राप्त कर क्क्र्थ्क्स्ज्ञ रैंक 3679 हासिल की। अजय का सपना एक सफ्ल मैकेनिकल इंजीनियर बनने का है। वे अपनी उपलब्धि का श्रेय कठिन परिश्रम, परिवार के सहयोग और संस्थान के मार्गदर्शन को देते हैं।

### संघर्ष से सफलता तक

दोनों छात्रों के माता-पिता अशिक्षित हैं तथा कृषि एवं मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आर्थिक अभावों के बावजूद बच्चों की शिक्षा के प्रति उनका समर्पण और छात्रों की मेहनत आज सफ्लता की नई कहानी लिख रही है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि उचित अवसर, मार्गदर्शन और संकल्प के बल पर कोई भी छात्र अपनी मंजिल हासिल कर सकता है।

### बोर्ड परीक्षा में भी शानदार प्रदर्शन

शिक्षा सत्र 2025-26 में ÷छू लो आसमान÷ संस्था का दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। संस्था के 72 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि जिले की टॉप-10 सूची में 5 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया।

### बधाई और शुभकामनाएं

दोनों सफ्ल विद्यार्थियों तथा उनके परिवारों को जिला प्रशासन बीजापुर, संस्था प्रमुख अंगनपल्ली बसमैय्या, अर्जुन हेमला की सफ्लता में मार्गदर्शक शिक्षक रुद्र मूर्ति, गुंजन सिंह एवं रूपेश साहू सहित समस्त शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफ्लता बीजापुर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है और साबित करती है कि सपनों को साकार करने के लिए केवल अवसर और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है।

हाथियों के बेहद करीब पहुंचने की कोशिश कर रहे थे युवक

# वन विभाग की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 जून।** छाल परिक्षेत्र में 52 हाथियों के विशाल दल की निगरानी के दौरान वन विभाग की सतर्क ड्रोन मॉनिटरिंग ने एक बड़ी लापरवाही को समय रहते पकड़ लिया, जिससे संभावित बड़ा जनहानि का हादसा टल गया। वन्यजीवों की मौजूदगी की जानकारी होने के बावजूद युवक आरक्षित वन क्षेत्र में घुसकर दंतैल हाथी के नजदीक पहुंचने का प्रयास कर रहे थे। उनकी खतरनाक हरकतें ड्रोन कैमरे में कैद हो गईं। मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने बताया कि उक्त घटना 28 मई 2026 को शाम की है, जब छाल परिक्षेत्र के एडू संगम क्षेत्र के समीप 52 हाथियों के विशाल दल की गतिविधियों पर वन विभाग ड्रोन कैमरे से लगातार निगरानी कर रहा था। हाथियों के इस बड़े झुंड में कई मादा हाथियां के साथ शावक भी मौजूद थे, वहीं एक आक्रामक नर दंतैल हाथी भी दल के आसपास विचरण कर रहा था। इसी दौरान ड्रोन कैमरे में एक लाल रंग की मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक आरक्षित वन क्षेत्र की ओर जाते दिखाई दिए। वन अमले की मनाही और खतरे की जानकारी होने के बावजूद वे चोरी-छिपे जंगल के भीतर प्रवेश कर गए। कुछ दूरी आगे बढ़ने के बाद दो अन्य युवक भी उनके साथ जुड़ गए और सभी हाथियों की दिशा में बढ़ने लगे।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिस रास्ते से युवक आगे बढ़ रहे थे, उसी मार्ग के समीप हाथियों का विशाल दल मौजूद था। स्थिति उस समय और भी गंभीर हो गई जब दल से अलग होकर एक विशाल नर दंतैल हाथी युवकों की दिशा में वापस मुड़ने लगा। इसके बावजूद युवक हाथी के अत्यंत करीब पहुंचने का प्रयास करते रहे। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि वे वीडियो बनाने, फोटो खींचने अथवा सोशल मीडिया पर दिखाने के लिए हाथियों के नजदीक जाने का प्रयास कर रहे थे। ड्रोन कैमरे की लाइव मॉनिटरिंग कर रहे वन अधिकारियों ने जैसे ही युवकों की गतिविधियां देखीं, तुरंत स्थिति पर नजर बनाए रखी। कुछ ही देर बाद जब ड्रोन कैमरा युवकों के ऊपर पहुंचा तो उन्हें अपनी पहचान उजागर होने का अंदेशा हुआ और वे घबराकर मौके से भाग निकले। वन विभाग का मानना है कि यदि कुछ मिनट और देरी होती तो हाथी का हमला किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता था। विभाग की त्वरित निगरानी और सतर्कता ने संभावित जनहानि को टाल दिया।वन विभाग ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। अधिकारियों के अनुसार आरक्षित वन क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करना भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26(1)(डी) का उल्लंघन है। इसके अलावा वन्यजीवों का पीछा करना, उन्हें उकसाना अथवा उनके प्राकृतिक व्यवहार में बाधा उत्पन्न करना भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत दंडनीय अपराध है। वन विभाग ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया है तथा इसकी सूचना थाना छाल को भी भेज दी गई है। ड्रोन फुटेज और उपलब्ध फोटोग्राफिक साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध युवकों की पहचान कर ली गई है और उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वन अधिकारियों ने बताया कि घटना से संबंधित वीडियो और फोटो विभाग के पास सुरक्षित हैं तथा मामले की विस्तृत जांच जारी है। दोषियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### वन विभाग की चेतावनी

वन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि हाथियों और अन्य वन्यजीवों के विचरण क्षेत्र में प्रवेश न करें तथा रोमांच, सेल्फी या वीडियो बनाने के लिए वन्यजीवों के करीब जाने की कोशिश न करें। ऐसी हरकतें न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि स्वयं के जीवन और वन्यजीवों दोनों के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी हाथियों एवं अन्य वन्यप्राणियों को परेशान करने, उनका पीछा करने या उनके प्राकृतिक आवास में हस्तक्षेप करने वालों के खिलाफ ड्रोन निगरानी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## फसल अवशेष अब नहीं बनेंगे समस्या, मल्चर तकनीक से बढ़ेगी मिट्टी की उर्वरता और किसानों की आय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 जून।** फसल कटाई के बाद खेतों में बचने वाले अवशेषों को जलाने की परंपरा से किसानों को बाहर निकालकर वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने की दिशा में कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ ने महत्वपूर्ण पहल की है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस. राजपूत के मार्गदर्शन में निकरा परियोजना के अंतर्गत जिले के अंगीकृत ग्राम नावापारा में ÷मल्चर एवं तोता हल आधारित फसल अवशेषों के इन-सीटू प्रबंधन÷ तकनीक का सफल प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन ग्राम के प्रगतिशील कृषक हेमेश्वर पटेल, तेजराम पटेल एवं रूपचंद पटेल के खेतों में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने प्रत्यक्ष रूप से आधुनिक तकनीक का अवलोकन किया और इसके लाभों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन के प्रति जागरूक करना, मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाना तथा खेती को अधिक लाभकारी और पर्यावरण-अनुकूल बनाना था।

प्रदर्शन के दौरान मक्का फसल की कटाई के 5 से 7 दिन बाद खेतों में बचे डंठलों एवं अन्य फसल अवशेषों को ट्रैक्टर चालित मल्चर मशीन की सहायता से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर पूरे खेत में समान रूप से फैलाया गया। इसके बाद ट्रैक्टर संचालित तोता हल के माध्यम से जुताई कर इन अवशेषों को मिट्टी की ऊपरी परतों में समाहित किया गया। किसानों को बताया गया कि यह तकनीक फसल अवशेषों को जलाने का प्रभावी विकल्प है, जो खेती और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है।

कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि जब मल्चर द्वारा काटे गए फसल अवशेष मिट्टी में मिल जाते हैं, तो वे धीरे-धीरे सूक्ष्मजीवों की क्रियाओं से विघटित होकर जैविक पदार्थ में परिवर्तित हो जाते हैं। इससे मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, जो भूमि की उर्वरता का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है। इसके साथ ही मिट्टी की जलधारण क्षमता, संरचना एवं पोषक तत्वों को सुरक्षित रखने की क्षमता में भी उल्लेखनीय सुधार होता है। विशेषज्ञों के अनुसार फसल अवशेषों में मौजूद नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्व पुनः मिट्टी में वापस पहुंच जाते हैं।

**एक नजर**

### बच्चों में डायबिटीज की समय पर पहचान और उपचार को लेकर कार्यशाला आयोजित



**रायगढ़, 5 जून।** कलेक्टर के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों में बढ़ते मधुमेह विशेषकर डायबिटीज (बाल मधुमेह की समय पर पहचान) प्रभावी उपचार और समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सहित कुल 170 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यशाला में यूनिसेफ के विशेषज्ञों ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को डायबिटीज के लक्षणों की शीघ्र पहचान, समयानुकूल उपचार तथा समग्र प्रबंधन की तकनीकी जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे समुदाय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान डायबिटीज की पहचान, उपचार एवं प्रबंधन, काउंसलिंग और रोगी सहायता समूहों की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता रणनीतियां तथा मानसिक स्वास्थ्य एवं पारिवारिक सहयोग के महत्व जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों एवं अनुभव साझा कर विषय की गहन समझ विकसित की, जिससे भविष्य में रोगी देखभाल को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने इस पहल को बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक और सराहनीय कदम बताया। प्रशिक्षण का संचालन यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह एवं अक्षय तिवारी (मास्टर ट्रेनर) के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कैनन डेनियल जिला नोडल अधिकारी एनसीडी, डॉ. सुमित मंडल सहायक नोडल सलाहकार, डॉ. जावेद जिला नोडल सिकल सेल, सुश्री रंजना पैकरा तथा श्रीमती सीमा बरेठ (डीपीएचएन) का विशेष सहयोग रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि डायबिटीज के प्रमुख लक्षणों में बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार भूख लगना, अचानक वजन कम होना, कमजोरी, थकान, धुंधला दिखाई देना तथा बच्चों में चिड़चिड़ापन या व्यवहार में बदलाव शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रण, मीठे पेय पदार्थों से परहेज और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी है।

### आईटीआई घरघोड़ा में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

रायगढ़, 5 जून/ शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था घरघोड़ा में सत्र 2026-27 के लिए एन.सी.व्ही.टी. अंतर्गत संचालित एक वर्षीय व्यवसाय कोपा के 48 सीटों, व्यवसाय स्टेनो हिन्दी के 24 सीटों एवं सत्र 2026-28 हेतु द्वि-वर्षीय व्यवसाय फिटर के 20 सीटों तथा व्यवसाय विद्युतकार के 20 सीटों में ऑनलाईन आवेदन वेब-साईट www.cgiti.admission.nic.in के माध्यम से 15 जून 2026 तक आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक आवेदक वेब-साईट या किसी भी नजदीकी कम्प्यूटर सेंटर में जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

## अंधे मोड़ और खुले नाले से बढ़ रहा हादसों का खतरा, सुरक्षा व्यवस्था की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद,5 जून।** ग्राम पंचायत उमरदा बायपास मार्ग से कुरूद नगर में प्रवेश कर कलारपारा एवं गांधी चौक जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित एडवेंचर स्कूल के समीप अंधा मोड़ इन दिनों दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन गया है। सड़क किनारे शहर के पानी निकासी के लिए निर्मित बड़ी नाली होने के बावजूद वहां डिवाइडर, सुरक्षा रेलिंग, गतिरोधक एवं चेतावनी संकेतक नहीं लगाए गए हैं, जिससे आए दिन राहगीर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।



स्थानीय नागरिकों के अनुसार उमरदा बायपास से आने वाले वाहन चालक जैसे ही कुरूद नगर की ओर मुड़ते हैं, अंधे मोड़ के कारण उन्हें सामने स्थित नाली का अंदाजा नहीं लग पाता। परिणामस्वरूप साइकिल सवार, मोटरसाइकिल चालक एवं चार पहिया वाहन चालक संतुलन खोकर नाली में गिर जाते हैं। कई बार लोगों को चोटें भी आई हैं, लेकिन अब तक सुरक्षा के स्थायी इंतजाम नहीं किए गए हैं।

वार्डवासियों का कहना है कि यह मार्ग नगर का प्रमुख प्रवेश मार्ग है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन रहता है। इसके बावजूद सुरक्षा संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं डिवाइडर की व्यवस्था नहीं होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

क्षेत्र के नागरिकों ने समाचार के माध्यम से नगर पालिका परिषद कुरूद एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए तत्काल नाली किनारे मजबूत डिवाइडर, सुरक्षा रेलिंग, चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर एवं गतिरोधक लगाए जाएं। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था होने से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि नगर में प्रवेश करने वाले लोगों की जान-माल की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

## एसडब्ल्यूएम नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सचिवों को दिया प्रशिक्षण



**रायगढ़, 5 जून।** कलेक्टर के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं तमनार में ग्राम पंचायत सचिवों के लिए एसडब्ल्यूएम 2026 विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाना तथा एसडब्ल्यूएम नियम-2026 के प्रावधानों का जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। इस दौरान सचिवों को ग्राम पंचायतों की भूमिका, स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, घर-घर कचरा संग्रहण, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) केंद्रों के संचालन तथा अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में बताया गया कि स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्रामों के निर्माण में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए ग्राम पंचायतों को स्थानीय स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सचिवों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में एसडब्ल्यूएम नियम-2026 के तहत निर्धारित गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों द्वारा सचिवों को सितंबर 2026 तक निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के उद्देश्यों के अनुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने पर बल दिया गया।

## जनता की समस्याओं का समाधान ही सुशासन की पहचान: रामविचार नेताम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप संचालित सुशासन तिहार के तहत आज जनपद पंचायत खरसिया के ग्राम छोटे मुड़पार में विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएं और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं।



कार्यक्रम में प्रदेश के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों से 700 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों के समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। सुशासन तिहार इसी संकल्प का परिणाम है, जहां शासन स्वयं गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहा है और उनका समाधान कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित प्रशासन की स्थापना की जा रही है। सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और आदिवासी समाज के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास ही प्रदेश और देश के विकास की आधारशिला है। जब किसान समृद्ध होगा, युवा आत्मनिर्भर होगा और गरीब परिवारों को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी, तभी विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार होगा। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता और तत्परता दिखाएं। प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों का शासन-प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

## कोसमनारा में 23.03 करोड़ रुपये की लागत से उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 5 जून।** प्रदेश के कृषि मंत्री एवं रायगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम कोसमनारा में 23 करोड़ 03 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, 100 सीटर बालक छात्रावास तथा 100 सीटर बालिका छात्रावास भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्राम पटेलपाली स्थित फल-सब्जी मंडी परिसर में 4 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न अधोसंरचना कार्यों का लोकार्पण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने अपने उद्बोधन की शुरुआत जय मां चंद्रहासिनी के जयघोष से की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन तिहार के माध्यम से शासन गांव-गांव पहुंचकर आम जनता की समस्याओं का समाधान कर रहा है। मंत्री, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संवाद कर रहे हैं तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह संस्थान आधुनिक कृषि एवं उद्यानिकी शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। यहां से प्राप्त ज्ञान और तकनीक किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को अधिक लाभकारी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने किसानों से जैविक खेती को अपनाने तथा गोबर खाद एवं जैविक उर्वरकों के अधिकाधिक उपयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। इसलिए प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई गई है तथा खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रायगढ़ लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों, युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोसमनारा में स्थापित होने वाला उद्यानिकी महाविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध कराएगा तथा कृषि आधारित रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित कृषि शिक्षा से किसान नई जानकारी प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे। सांसद श्री राठिया ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए प्रदेश सरकार तथा वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के प्रयासों की सराहना की।

## कोयला कारोबारी के भंडार से कोयला जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 जून।** बीएसपी से कथित रूप से कोक और कोयले की चोरी कर बाहर बेचने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। खुर्सीपार क्षेत्र में एक कोयला कारोबारी के भंडारण स्थल पर छापेमारी कर भारी मात्रा में संदिग्ध कोयला जब्त किया गया है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह कोयला बीएसपी के विभिन्न उत्पादन इकाइयों से चोरी कर बाहर निकाला गया था सूचना के आधार पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

पुलिस को सूचना मिली थी कि खुर्सीपार गेट के समीप स्थित एक कोयला भंडारण स्थल से बड़ी मात्रा में कोयले की बोरियां ट्रकों में लोड की जा रही हैं। सूचना मिलते ही क्राइम शाखा और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान परिसर में बड़ी मात्रा में संदिग्ध कोयला पाया गया, जिसे कानूनी प्रक्रिया के तहत जब्त कर लिया गया ठेका श्रमिकों की भूमिका जांच के दायरे में प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि कुछ ठेका श्रमिक प्लांट के विभिन्न हिस्सों से कोक और कोयले को छोटी-छोटी मात्रा में एकत्र कर बोरियों में भरते थे। बाद में इसे साइकिलों के जरिए प्लांट परिसर से बाहर ले जाकर स्थानीय कारोबारियों को बेच दिया जाता था। पुलिस लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों की शिकायतों पर नजर रखे हुए थी दस्तावेजों की जांच में उठे सवाल कारोबारी से कोयले की खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेज और जीएसटी बिल मांगे गए। प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की जांच के दौरान कई बिंदु संदिग्ध पाए गए हैं। पुलिस ने कारोबारी को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए थाने में उपस्थित होने को कहा है। साथ ही बीएसपी प्रबंधन से भी जब्त सामग्री की वास्तविकता और स्वामित्व संबंधी जानकारी मांगी गई है सुरक्षा व्यवस्था पर खड़े हुए प्रश्न

मामले के सामने आने के बाद बीएसपी की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर सवाल उठने लगे हैं। यदि जांच में यह साबित होता है कि नियमित रूप से कोयला और कोक प्लांट से बाहर निकाला जा रहा था, तो सुरक्षा प्रणाली में गंभीर खामियों का खुलासा हो सकता है। इस पूरे मामले में सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका की भी जांच की जा सकती है पुलिस का बयान पुलिस ने बताया कि जब्त कोयले की मात्रा लगभग डेढ़ ट्रक के बराबर है। कोयले को तकनीकी परीक्षण और वजन के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रायगढ़ में हरित विकास का महाअभियान, जल संरक्षण और पौधारोपण को मिलेगी नई गति

**रायगढ़, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिले में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, स्वच्छता और सतत ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जनजागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महात्मा गांधी नरेगा, 'मोर गांव मोर पानी' अभियान तथा वीबी-जीराम जी के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।



जिला प्रशासन के निर्देशन में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन और जल सुरक्षा को मजबूत करना है। ग्राम पंचायतों से लेकर स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में जल संरक्षण और भूजल संवर्धन के क्षेत्र में लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 791 जल संरक्षण एवं जल संवर्धन कार्य स्वीकृत एवं क्रियान्वित किए गए हैं, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 288 नए कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ाने, भूजल स्तर सुधारने तथा वर्षा जल के अधिकतम संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं। अमृत सरोवर, तालाब, जलाशय, स्टॉप डैम एवं अन्य जल संरचनाओं के विकास से जिले में जल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत आधार मिला है। वहीं पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से महात्मा गांधी नरेगा के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्य भी किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्यक्तिगत वृक्षारोपण, ब्लॉक प्लांटेशन एवं सड़क किनारे वृक्षारोपण सहित 416 वृक्षारोपण कार्यों में 68 हजार 247 पौधे स्वीकृत किए गए, जिनमें से 46 हजार 23 पौधों का रोपण पूर्ण किया जा चुका है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण परिवारों के लिए दीर्घकालिक आय एवं आजीविका का भी महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है।

### ग्राम सभाओं से स्कूलों तक चलेगा जागरूकता अभियान 'एक बच्चा-एक पौधा' बनेगा आकर्षण का केंद्र



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के सभी विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों में स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान, अमृत सरोवरों एवं जल संरक्षण संरचनाओं के आसपास वृक्षारोपण, जल संरक्षण शपथ, वर्षा जल संचयन एवं भूजल संवर्धन विषयक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत विशेष जागरूकता गतिविधियां भी संचालित होंगी। विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में चित्रकला, निबंध और क्विज प्रतियोगिताओं के साथ 'एक बच्चा-एक पौधा' अभियान चलाया जाएगा। ग्राम स्तर पर आयोजित जनसंवाद और ग्राम सभाओं में मानसून पूर्व जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा, आगामी वृक्षारोपण योजनाओं तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता को लेकर चर्चा की जाएगी।

5 जून को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण, पौधरोपण तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 पर विस्तार से विचार-विमर्श होगा। ग्राम पंचायतों में कचरा पृथक्करण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ ग्राम निर्माण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रस्तावों पर संकल्प लिए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी ग्राम पंचायतों को कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिलेवासियों से जल संरक्षण, पौधरोपण और स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाकर पर्यावरण संरक्षण के इस जनआंदोलन को सफल बनाने की अपील की गई है।

एक नजर

### आबकारी विभाग ने एक माह में 73 आपराधिक प्रकरण दर्ज कर 198 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की

**बलौदाबाजार, 5 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में माह मई 2026 में आबकारी विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रो में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत 73 अपराधिक प्रकरण कायम कर 198.96 बल्क लीटर अवैध शराब,200 किलोग्राम महुआ लाहन एवं एक मोटर सायकल जब्त किया गया। जब्त मदिरा का बाजार मूल्य 82,049. एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य-12,000 तथा दो पहिया वाहन का बाजार मूल्य 30,000 कुल बाजार मूल्य 1,24,049 रुपए होना पाया गया। 70 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।वित्तीय वर्ष 2026-27 में माह मई तक जिले में संचालित विभिन्न मदिरा दुकानों में प्रभारी अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं निरीक्षण के दौरान मैनपावर एजेंसी के कर्मचारियो द्वारा अनियमितता पाये जाने पर 8 कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर उनका नाम ब्लैक लिस्ट में डाला गया है।

### घुमका और पलारी में जनता ने भाजपा के मुंह पर जड़ा तमाचा : भागवत साहू

**राजनांदगांव 5 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के घुमका और पलारी नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस की उल्लेखनीय



जीत को जनता के बदलते जनमत का संकेत बताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते भ्रष्टाचार से परेशान जनता ने मतदान के जरिए भाजपा को स्पष्ट संदेश दिया है। घुमका में अध्यक्ष पद सहित चार वार्डों में कांग्रेस की जीत जनता के विश्वास और कांग्रेस की नीतियों पर मुहर है। श्री साहू ने घुमका और पलारी नगर पंचायत आम चुनाव में कांग्रेस की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम प्रदेश और देश की राजनीति में बदलाव की आहट है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से अपना आक्रोश व्यक्त किया है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा जनता को कमजोर और असहाय समझने की भूल कर रही थी लेकिन चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया कि जनता सब कुछ देख और समझ रही है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत विशेष पौधरोपण किया



**तिल्दा नेवरा 5 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ग्राम मढ़ी जिला रायपुर द्वारा किया गया। कम्पनी के अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रांगण में फ्ल, छाया और फूलदार पौधों का रोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कम्पनी के वरिष्ठ महाप्रबंधक शुभागेश मिश्रा ने किया उन्होंने कहा उन्होंने कहा कि पेड़ सिर्फपर्यावरण को ठीक रखने का तरीका नहीं है, बल्कि ये हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक सुरक्षित भविष्य की नींव भी हैं। उन्होंने लोगों से हर साल कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। उनके अनुसार, वृक्ष केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने का साधन नहीं हैं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य की नींव हैं। हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य इस अवसर पर चांडक जी ,शरद राज मिश्रा ,एस के महोबिया अमित सींग सहित अन्य स्थानीय नागरिक ,गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ग्राम मढ़ी जिला रायपुर के अधिकारियो एवं कर्मचारियों एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# पीड़ित किसान करेंगे तुमडीबोड नेशनल हाईवे पर चक्काजाम

■ **मुड़पार सोसायटी में बधियाटोला,रामनगर,छीरपानी को यथावत रखने की मांग को लेकर किसान अपर कलेक्टर सी, एल ,मार्कण्डेय को दिया आवेदन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 5 जून।** बधियाटोला,छिरपानी, रामनगर के किसानों के द्वारा मुड़पार सोसायटी में खाता यथावत रखने की मांग को लेकर आज जिला कलेक्टर के नाम से दिया गया। अपर कलेक्टर सी, एल मार्कण्डेय को आवेदन के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है दिन सोमवार 15 तारीख को पीड़ित किसान व विपक्षी पार्टी के नेता कार्यकर्ता मिल कर तुमडीबोड़ नेशनल हाईवे मेन चौक पर शांतिपूर्वक बैठकर चक्काजाम करेंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। आपको बता दें कि इस विषय के निराकरण के लिए किसानों द्वारा बधियाटोला के मुरमुंदा मार्ग पर शांतिपूर्वक दो बार चक्काजाम किया जा चुका है और अनेकों मर्तबा शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से मांगपत्र सौंपा गया है, परन्तु इस विषय का निराकरण नहीं निकल पाने के कारण पीड़ित किसानों के द्वारा चक्काजाम करने की जानकारी शासन प्रशासन को पूर्व में दी जा चुकी थी। जिसके चलते पीड़ित किसानों को मामले को सुलझाने के लिए थाना डोंगरगढ़ बुलाया गया था परन्तु समस्या का निराकरण नहीं हो पाया और किसान अपने फैसले को लेकर अड़े रहे। इस दौरान किसान दशरथ ठाकुर,जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा मदन साहू ,क्रांति बंजारे,परशोत्तम साहू,सोमेश्वर सिन्हा,प्रमोद लाऊत्रे ,अमरचंद निषाद,अर्जुन बांधे, खेलु पटेल,धर्मेंद्र साहू,मंगल साहू,मनोज सिन्हा,धीराजी निषाद,लीलाधर चंद्रवंशी,जयसिंह चंद्रवंशी,अश्वनी साहू,खोरबहारा सिन्हा,रग्घू सिन्हा,गोपाल सिन्हा,चेतन सिन्हा, शालिक सिन्हा, उभे जोशी,शंकर चंद्रवंशी,प्रकाशसेन,छोटू,गोपाल,राहुल साहू, सुरेश मरकाम,चेतन शोरी,खेमा जोशी,बबला सिन्हा,गुलशन सिन्हा, इंद्रेश चंद्रवंशी, नारद चंद्रवंशी,भुवन चंद्रवंशी,घनस्याम सिन्हा,मनोज सिन्हा,मानिक साहू,बीरबल साहू, खेमीन ठाकुर,घनस्याम साहू,सगलू निषाद,धर्मेंद्र चंद्रवंशी,आदेश साहू, दानिक चंद्रवंशी,संतोष चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में पीड़ित किसान उपस्थित रहे।

# सुशासन, विकास और जनकल्याण हमारी सरकार की पहचान : मुख्यमंत्री साय

■ **बेलतरा महाविद्यालय का नामकरण स्वर्गीय सखाराम सूर्यवंशी के नाम पर, पांच मंगल भवनों की घोषणा**

**रायपुर 5 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सुशासन, विकास और जनकल्याण राज्य सरकार की कार्यशैली और पहचान है। सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री श्री साय आज सुशासन तिहार के अंतर्गत हेमूनगर में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 134 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, महतारी वंदन योजना की 28वीं किस्त जारी की तथा आमजनों के हित में अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में 80 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की। ट्राईसाइकिल प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने कहा कि सरकार की संवेदनशील नीतियों का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से आवास की चाबियां भी सौंपीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने एसईसीएल के कॉर्पोरेट



सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) मद से 22 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 200 सीटर बहुउद्देशीय वृद्धाश्रम भवन का शिलान्यास किया। इस भवन में वरिष्ठ नागरिकों को प्राकृतिक चिकित्सा, योग, फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी तथा समग्र पुनर्वास जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके सम्मानजनक जीवन के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने 18 करोड़ 76 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 500 सीटर दिव्यांगजन शिक्षण-प्रशिक्षण एवं बहुउद्देशीय पुनर्वास केंद्र का शिलान्यास किया। यह केंद्र दिव्यांगजनों को शिक्षा, कौशल विकास, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑडिटरी ट्रेनिंग तथा पुनर्वास की समग्र सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इससे दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनेंगे और रोजगार तथा स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगे।मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय में लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से स्थापित अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि इससे गंभीर एवं जटिल बीमारियों की जांच स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगी और मरीजों को बेहतर, त्वरित तथा सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन तिहार केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, सुरक्षा बलों के पराक्रम और बस्तर की जनता के सहयोग से नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक सफ्लता प्राप्त हो रही है। बस्तर में अब सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा रही है। वहीं ई-डिस्ट्रिक्ट के तहत 400 से अधिक शासकीय सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं। आमजनों की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सुविधा भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा कि सुशासन तिहार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। जनता की भलाई और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए किया गया प्रत्येक प्रयास सुशासन का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट विस्तार, रेलवे अधोसंरचना विकास तथा अरपा परियोजना के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि सुशासन तिहार सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही का जीवंत उदाहरण है। समाधान शिविरों में उमड़ रही भीड़ सरकार के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने 134 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों के लिए जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

#### मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला की मांग पर बेलतरा महाविद्यालय का नामकरण स्वर्गीय सखाराम सूर्यवंशी के नाम पर किए जाने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम क्षेत्र में पांच मंगल भवनों के निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार विशेष कार्ययोजना पर कार्य कर रही है और जिले से जुड़े सभी आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।

### किसान लगातार कर रहे खाद का उठाव, अब तक 17205 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 जून।** जिले के किसानों द्वारा जून माह में मानसून की आहट के साथ ही खरीफफसलों की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। आगामी खरीफमौसम में जिले में लगभग 1.80 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न खरीफ फसलों की बोनी संभावित है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए 1 अप्रैल से ही सहकारी समितियों में भंडारण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफवर्ष 2026 के लिए सहकारी क्षेत्र में 45650 मीट्रिक टन उर्वरक भंडारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें 18500 मीट्रिक टन यूरिया, 4000 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी), 3600 मीट्रिक टन म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी) तथा विभिन्न प्रकार के 9800 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरकों का लक्ष्य शामिल है। लक्ष्य के विरूद्ध अब तक जिले में 12000 मीट्रिक टन से अधिक यूरिया, 365 मीट्रिक टन से अधिक सिंगल सुपर फॉस्फेट, 2755 मीट्रिक टन से अधिक म्यूरेट ऑफपोटाश तथा लगभग 3000 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक का भंडारण किया जा चुका है। किसानों द्वारा खरीफ सीजन की तैयारी के साथ लगातार उर्वरकों का उठाव किया जा रहा है और अब तक 17205 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। इसके बावजूद जिले में 12584 मीट्रिक टन उर्वरक शेष उपलब्ध है, जो जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता को दर्शाता है। इसी प्रकार खरीफ2026 के लिए धान सहित विभिन्न दलहनी एवं तिलहनी फसलों के लिए 14331 क्विंटल बीज की मांग का आंकलन किया गया है। इसके विरूद्ध अब तक 7236 क्विंटल बीजों का भंडारण सहकारी समितियों में किया जा चुका है। किसानों द्वारा लगातार बीजों का उठाव किया जा रहा है तथा अब तक 1533 क्विंटल बीजों का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने तथा प्राकृतिक रूप से नत्रजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हरी खाद को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके तहत जिले में 350 क्विंटल मूंग बीज तथा 100 क्विंटल धैचा बीज का भंडारण किया गया है, जिससे किसान हरी खाद के रूप में इनका उपयोग कर भूमि की उत्पादकता में वृद्धि कर सकें। कृषि विभाग द्वारा किसानों से खरीफफसलों की बुआई के लिए आवश्यक खाद एवं बीज का समय पर उठाव करने तथा संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाकर बेहतर उत्पादन प्राप्त करने की अपील की है।

# प्रमुख सचिव ने भाटागांव में पूरक पोषण आहार निर्माण केंद्र का किया औचक निरीक्षण

■ **बेहतर संचालन एवं गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार निर्माण के दिए निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 जून।** महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती शहला निगार ने आज जिला प्रवास के दौरान ग्राम भाटागांव स्थित पूरक पोषण आहार निर्माण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और वहां कार्यरत स्व-सहायता समूह की महिलाओं से सीधे संवाद किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल भी मौजूद रहे।

प्रमुख सचिव श्रीमती शहला निगार ने केंद्र के बेहतर संचालन को लेकर समूह की महिलाओं की सराहना की, साथ ही बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्तायुक्त



'रेडी टू ईट' फूड तैयार करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण प्रक्रिया के दौरान स्वच्छता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी, ताकि पोषण आहार पूरी तरह सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक बना रहे।

उल्लेखनीय है कि इस पूरक पोषण आहार निर्माण केंद्र का सुचारू संचालन 'जय मिनी माता स्व-सहायता समूह सोनपुरी' की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। प्रमुख सचिव ने महिलाओं के इस आत्मनिर्भर प्रयास को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें और अधिक दक्षता के साथ काम करने की प्रेरणा दी, जिससे जिले में कुपोषण मुक्ति के अभियान को और मजबूती मिल सके।

### नगर पंचायत घुमका का निर्वाचन परिणाम जारी

**राजनांदगांव 5 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 अंतर्गत नगर पंचायत घुमका के अध्यक्ष पद एवं 15 वार्डों के लिए मतदान पश्चात मतगणना स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी व हिन्दी उत्कृष्ट विद्यालय घुमका में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जारी निर्वाचन परिणाम अनुसार आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी अलिशा जोशी को 70 मत, इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी फूलमती जयकुमार वर्मा को 1512 मत, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी किरण वर्मा को 1427 मत मिले। वहीं नोटा को 22 मत एवं अंडर वोट 29 मत रहा। इस तरह मतदान मशीन के अनुसार रिकार्ड किए गए मतदाताओं कुल संख्या 3060 तथा मतों की कुल संख्या 3060 रही। नगर पंचायत घुमका के अध्यक्ष पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी फूलमती जयकुमार वर्मा 1512 मत के साथ विजयी रही। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी किरण वर्मा को 1427 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे।

### कलेक्टर ने डोंगरगांव तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 जून ।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज तहसील कार्यालय डोंगरगांव का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, राजस्व प्रकरणों एवं नागरिक सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने तहसील कार्यालय में पहुंचे ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम बाकल निवासी श्री तोरण खूंटे वर्ष 2000 से वर्ष 2024 तक के बी-1 नकल प्राप्त करने हेतु आवेदन करने पहुंचे थे। कलेक्टर ने उनके आवेदन पर संज्ञान लेते हुए नियत अवधि में दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम आलीखुंटा के बुजुर्ग ग्रामीण श्री बल्दु राम पिता मेहतर सीमांकन नहीं होने की समस्या लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे थे। उनकी समस्या सुनकर तत्काल आवेदन लिखवाकर सीमांकन का प्रकरण दर्ज कराया गया। ग्राम पैरी निवासी श्री छन्नू लाल साहू पिता दीनालाल जन्म प्रमाण पत्र संबंधी कार्य से तहसील कार्यालय आए थे। कलेक्टर ने उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन राजस्व प्रकरणों की अपील अवधि पूर्ण हो चुकी है, उनसे संबंधित अभिलेखों एवं दस्तावेजों को नियमानुसार रिकॉर्ड रूम में जमा कराया जाए, जिससे अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण एवं संरक्षण सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने चालक श्री अनिल कुमार के वेतन भुगतान संबंधी प्रकरण को स्वयं ई-कोष



पोर्टल में प्रोसेस कर त्वरित कार्य निष्पादन का उदाहरण प्रस्तुत किया।

कलेक्टर ने पूर्व में निराकृत राजस्व प्रकरणों के आदेशों का अवलोकन कर उनकी समीक्षा की तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी मामलों में नियमानुसार एवं विधिसम्मत आदेश पारित किए गए हो। साथ ही लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए आगामी पेशी तिथियां न्यूनतम अंतराल पर निर्धारित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो सके और आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक शाखा एवं कक्ष के बाहर स्पष्ट सूचना एवं साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को यह आसानी से जानकारी मिल सके कि किस प्रकार का कार्य किस कक्ष में संपादित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सकेगा तथा कार्यालयीन कार्यों में और अधिक सुगमता आएगी। उन्होंने तहसील कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजनों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनके आवेदनों एवं समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आर्य सत्य बौद्ध विहार के स्थापना दिवस पर निर्माण कार्य के लिए नगर अध्यक्ष ने अपनी निधि से एक लाख की घोषणा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 5 जून।** जागृति युवक समिति भीमनगर में आर्य सत्य बौद्ध विहार के प्रथम वर्षगांठ समारोह कार्यक्रम में आर्य सत्य बौद्ध विहार के स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रथम वर्षगांठ समारोह का आयोजन 1 जून 2026 को आर्य सत्य बौद्ध विहार, भीमनगर वार्ड क. 09 में मनाया गया। कार्यक्रम में बौद्ध वंदना, धम्म प्रवचन, संविधान पर परिचर्चा, तथा समाज हित से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए । कार्यक्रम ने भाग लेने वाले बच्चों को समिति की ओर से अतिथियों के द्वारा मोमेंटो व मेडल देकर पुरस्कृत भी किए गए कार्यक्रम के शुभारंभ में दीप प्रज्वलित कर भंते नागरत्न, भंते कुमार कश्यप के द्वारा परित्राण पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्ना




लाल नंदेश्वर वार्ड पार्षद जय किशोर अम्बादे देवेंद्र साखरे शिवांगी साखरे सहित अन्य बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्थापना दिवस पर परिचर्चा कार्यक्रम के तहत राजनांदगांव से पहुंचे दूसरी कक्षा के छात्र यथार्थ सम्राट भारतीय के वक्तव्य ने ऊर्जा से भर दिया ,भारतीय संविधान विषय पर नन्हें बाल वक्ता यथार्थ सम्राट भारतीय के द्वारा दिया गया शानदार 20 मिनट का वक्तव्य सुनकर पूरा कार्यक्रम तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा और पूरा मंच ऊर्जा से भर गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा की आज के समय में हर घर में यथार्थ सम्राट भारतीय जैसा बच्चा होना चाहिए जिन्हें देखकर और सुनकर यह महसूस किया जा सके की देश और समाज को सुरक्षित रखने के लिए आने वाली पीढ़ियां तैयार हो रही है।

आज हमको आने वाले समय में किसी प्रकार की कोई तकलीफहोगी तो ऐसे यथार्थ सम्राट हमको शिक्षित बनाएंगे ,इसी बात को आपको यथार्थ सम्राट ने सिखाया , वार्ड के लोगों ने मुझे चुनाव में भी यह बताया था ओर आप लोगों की मांग थी कि हमको यहीं पर बाबा साहब एव बुद्ध भगवान प्रतिमा की स्थापना करना है, जहां पर वे स्थापना दिवस मना रहे है, एक मंच के रूप निर्माण कर एक अच्छा सा व्यवस्थित यहां भवन बनाना है ,जिससे हम लोग भी पूजा अर्चना यहां कर सके और कोई कार्यक्रम भी रहेगा तो हम भी यहां बहुत अच्छे ढंग से कर सके आप लोग जैसा भी मुझ से सहयोग रहेगा मैं उसमें सामने खड़े होकर आप लोगों के सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा , इस वार्ड के पार्षद व सब मिलकर इस निर्माण कार्य के लिए कार्य करने की बात करते हुवे पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अपने निधि से एक लाख रुपए देने की घोषणा के साथ ही आगे भी राशि की आवश्यकता पर सहयोग करने का दिलासा दिलाया गया , जिससे व्यवस्थित रूप से निर्माण कार्य हो सके। समिति के द्वारा धम्मभोज का आयोजन रखा गया था , मंच संचालन राकेश भवते के द्वारा किया गया ,इस अवसर पर नवीन जागृति युवक समिति के अध्यक्ष डॉ ,मिलन टेम्भुरकर कोषाध्यक्ष महादेव इंदुरकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संगीता मिलिंद्र टेंभुरकर पूर्व पार्षद अनिता लोकेश इंदुरकर सुषमा कामढ़े, उजाला, कुंदा इंदुरकर, विजय जम्भुल्कर, कुणाल जम्भुलकर, रितेश कामढ़े, महादेव इंदुरकर, संदीप भवते, संदीप सहारे, हरविंदर आजाद, राजकुमार नंदेश्वर मनोज गजभिए अमिताभ दुफारे सचिन जम्भुरकर ओम प्रकाश टेंभुनिकर गिरीश साहू आदि सैकड़ो उपासक उपासिकाएं उपस्थित रही ।

## एक नजर

### 9 जून को साय कैबिनेट की बैठक

**रायपुर, 5 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक मंगलवार, 9 जून को सुबह 11 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं।

### इलेक्ट्रिकल मर्चेंट्स एसोसिएशन के नए पदाधिकारी

**रायपुर, 5 जून।** इलेक्ट्रिकल मर्चन्ट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा का आयोजन 31 मई 2026 को होटल मयूरा के सभागार मे किया गया! इस आमसभा मे विगत तीन वर्षों के कार्यकलापों का ब्योरा सचिव मितेश वढेर (एक्स्प्रेस एंटेरप्राइजेस) ने प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष योगेश त्रिवेदी ने वार्षिक आय व्यय का लेख जोखा प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। चुनाव अधिकारी ने नई टीम के निर्विरोध मनोनीत होने की घोषणा की। अध्यक्ष अजंत अग्रवाल, उपाध्यक्ष महेश नथानी, सचिव, मितेश वाढेर, कोषाध्यक्ष योगेश त्रिवेदी।

### मोटोरोला ने लांच किया एज 70 प्रो प्लस

**रायपुर, 5 जून।** मोबाइल टेक्नोलॉजी व इनोवेशन में वैश्विक अग्रणी और भारत के प्रमुख9 एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज मोटोरोल एज 70 प्रो प्लस लॉन्च किया, जो 2026 का सबसे स्टाइलिश ऑल-राउंडर फोन है। बिना किसी समझौते के फ्लैगशिप अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया यह स्मार्टफोन, प्रो-ग्रेड फोटोग्राफी, प्रीमियम व विशिष्ट फिनिश, इमर्सिव एंटरटेनमेंट, नेक्स्ट-जेन मोटो एआई अनुभवों और फ्लैगशिप-लेवल परफॉर्मेंस का एक शानदार संयोजन है। इस डिवाइस में क्वाड 50MP प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसका नेतृत्व कम रोशनी में बेहतरीन फोटोग्राफी के लिए motoAI से लैस एडवांस सोनी LYTIA 710 कैमरा करता है। इसके साथ ही इसमें 50× एआई सुपर ज़ूम प्रो के साथ 50MP का 3.5× पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा, 50MP का अल्ट्रा-वाइड + मैक्रो विज़न कैमरा और ऑटो फोकस के साथ 50MP का क्वाड पिक्सेल सेल्फी कैमरा शामिल है।

### नेत्राडाइन सुरक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएगी

**रायपुर, 5 जून।** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित फ्लीट सुरक्षा एवं परिचालन तकनीक में वैश्विक अग्रणी कंपनी नेत्राडाइन् ने आज घोषणा की कि वह भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग इलेक्ट्रिक वाहन कार्यक्रम के उभरते इलेक्ट्रॉनिक हाईवे नेटवर्क के लिए इंटेलिजेंस और सुरक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएगी। इस पहल के तहत एनएचईवी के एकीकृत ई-हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक उन्नत डिजिटल इंटेलिजेंस लेयर जोड़ी जाएगी, जिससे लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुरक्षित, कनेक्टेड और भरोसेमंद बनाया जा सकेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्राडाइन के एआई-संचालित समाधान चरणबद्ध तरीके से एनएचईवी समर्थित कॉरिडोर पर संचालित वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों में लगाए जाएंगे। इससे फ्लीट की रियल-टाइम निगरानी, संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान, ड्राइवर व्यवहार का विश्लेषण और परिचालन मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने कई क्षेत्रों में हासिल की बड़ी उपलब्धि

## 21 जून तक चलेगा महाजनसंपर्क अभियान, घर-घर पहुंचेंगे भाजपा कार्यकर्ता: साव

**रायपुर, 5 जून।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर अटल नगर निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि, प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष देश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के स्वर्णिम वर्ष रहे हैं। इन वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में कई उपलब्धि हासिल की है। अधोसंरचना विकास, आत्मनिर्भर, निर्यात वृद्धि और आर्थिक मजबूती के साथ आम लोगों का जीवन भी सुविधाजनक बना है। पीएम प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, उवला योजना, किसान सम्मान निधि और स्वच्छता अभियान जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। साव ने बताया कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर 5 जून से 21 जून तक देशभर में महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर संपर्क, हितग्राहियों से संवाद, प्रदर्शनी और विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ में भी यह अभियान व्यापक स्तर पर संचालित होगा। साव ने कहा कि कांग्रेस लगातार अर्थव्यवस्था को लेकर भ्रम और अफवाह फैलाने का प्रयास कर रही है।

### निकाय चुनावों में भाजपा की जीत जनता के विश्वास की जीत: देव

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रदेश के स्थानीय निकाय उपचुनावों और अध्यक्ष पदों पर मिली शानदार जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए जनता और कर्मठ कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। देव ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और हमारी सरकार की नीतियों के प्रति जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। जनता ने एक बार फिर विकास और सुशासन को चुना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि कवर्धा जिले के सहसपुर लोहारा मेंअध्यक्ष पद पर भाजपा की प्रत्याशी सरिता संतोष मिश्रा ने 762 वोटों के बड़े अंतर से एकतरफा और शानदार जीत दर्ज की है। इसी प्रकार ?सूरजपुर जिले के शिवनंदनपुर नगर पंचायत में भी जनता ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए अध्यक्ष पद पर रितेश जायसवाल को 362 वोटों के अंतर से विजयी बनाया है। देव ने कहा कि बम्हनीडीह, सहसपुर लोहारा और शिवनंदनपुर नगर पंचायत में मिली यह जीत दर्शाती है कि जमीनी स्तर पर जनता कांग्रेस के खोखले वादों को पूरी तरह समझ चुकी है और विकास के लिए केवल भाजपा पर भरोसा कर रही है।



उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसी वैश्विक चुनौती के बाद भी भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाया है।

### प्रदर्शन



**रायपुर, 5 जून। भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई, सफाई यूजर चार्ज व बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस ने आज देवपुरी में प्रदर्शन किया।**

### निगम देगा बकायादारों को नोटिस, रोज 1 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य तय

**रायपुर, 5 जून।** नगर निगम रायपुर के आयुक्त संबित मिश्रा ने आज साप्ताहिक टीएल समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विषयों पर समीक्षा कर संबंधित निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को नगर निगम रायपुर के बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर उनसे सम्पूर्ण बकाया राजस्व वसूलने नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी 10 जोनों को मिलाकर प्रतिदिन एक करोड़ रुपए का राजस्व वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आयुक्त ने 30 जून 2026 तक सम्पतिकर की वर्ष 2026-27 के लिए अदायगी किये जाने पर सम्पति करदाताओं को 6.25 प्रतिशत की सम्पतिकर में छूट का लाभ प्रदान कर अधिकाधिक राजस्व वसूलने के निर्देश भी दिए। आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों सहित सभी जोनों के सम्पूर्ण राजस्व अमले को हाल की राजस्व वसूली पर निगम हित में लगातार फोकस करने की बात कही। बैठक में नगर निगम अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, पंकज के शर्मा, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता संजय बागड़े, जोन कमिश्नरों, उपायुक्तों, कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओं की उपस्थिति रही।

# कैट ने पेट्रोल-डीजल आपूर्ति को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर, 5 जून।** छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज (ष्टस्नढ्ढ), छत्तीसगढ़ ट्रक मालिक संघ एवं अन्य परिवहन संगठनों, रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन एवं रायपुर देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में विभिन्न व्यापारिक, औद्योगिक एवं परिवहन संगठनों के प्रतिनिधियों ने रायपुर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपकर पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता से संबंधित व्यावहारिक समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। स्वीट्स एंड स्नैक्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल थे। सभी संगठनों ने अपने-अपने क्षेत्रों में ईंधन आपूर्ति से उत्पन्न हो रही व्यावहारिक कठिनाइयों से जिला प्रशासन को अवगत कराया।



# 11 हाइवा रेत और गिट्टी जब्त



**रायपुर, 5 जून।** खनिज विभाग ने आरंग में अवैध रूप से चल रहे रेत और मुरूम के काले कारोबार पर एक बार फिर जोरदार प्रहार किया है। कलेक्टर के सख्त निर्देश और विभाग के आला अधिकारियों की रणनीति के तहत, खनिज विभाग की टीम ने रात भर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध परिवहन में लगे 11 हाइवा वाहनों को जब्त किया है। इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक, खनिज प्रशासन के उप संचालक राजेश मालवे के निर्देश एवं सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव के कुशल मार्गदर्शन में टीम ने आरंग और आसपास के क्षेत्रों में घेराबंदी की थी। जांच के दौरान रेत से लदे 10 हाइवा और गिट्टी से लदे 1 हाइवा को रोका गया। जब वाहन चालकों से रॉयल्टी पर्ची या खनिज परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके। अवैध परिवहन की पुष्टि होने के बाद, खनिज विभाग की टीम ने तुरंत सभी 11 हाइवा वाहनों को जब्त कर लिया।


# सकरी में खेल प्रशिक्षण प्रारम्भ


**रायपुर, 5 जून।** स्थानीय सकरी स्थित कृषि गौ राक्षणी सभा ट्रस्ट द्वारा खेल व स्वास्थ्य के लिए दिए गए 18 एकड़ भूमि में सकरी के युवा खिलाड़ी कमलेश डहरिया द्वारा खेल प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। खेल प्रशिक्षण उद्घाटन में उपस्थित मुख्य अतिथि अजय तिवारी, अध्यक्ष गौ रक्षिणी सभा ट्रस्ट अध्यक्षता राम अवतार तिवारी एवं विशेष अतिथि ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू बंजारी ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय तिवारी ने कहा कि हमारे ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य अच्छा नागरिक बनाना है और अच्छे नागरिक का प्रथम सोपान बचपन के खेलकूद से प्रारंभ होता है उन्होंने



कहा कि वर्तमान में क्रिकेट विश्व का सर्वाधिक प्रसिद्ध खेल है एवं भारत में आईपीएल प्रतियोगिता ने गांव-गांव के खिलाड़ियों को उनके क्षमता अनुसार समृद्धि दिलवाई है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26